RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525
वर्ष : 36 | अंक : 229
हिसार | शुक्रवार, 17 नवम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6

# पाठकपक्ष

## हांसी में मिला जींद के लापता युवक का शव

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 17 नवम्बर :** हरियाणा के हिसार के हांसी के नजदीक पाली गांव के नहर के पुल के पास एक युवक का शव बरामद हुआ है। शव को लोगों ने पुल के पास अटका देख कर मामले की जानकारी पुलिस को दी। युवक की पहचान जींद के नवीन के तौर पर हुई है। वह दिवाली वाले दिन से लापता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए नागरिक अस्पताल भेजा है। मामले की जांच की जा रही है।


मृतक नवीन का फाइल फोटो।




## राजौरी में सुरक्षाबलों-आतंकियों के बीच फायरिंग, कुलगाम में लश्कर के 5 आतंकी ढेर

**पाठकपक्ष न्यूज**
**श्रीनगर, 17 नवम्बर :** जम्मू-कश्मीर में 24 घंटे के अंदर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच दूसरा एनकाउंटर शुरू हो गया। सेना और आतंकियों के बीच ये मुठभेड़ राजौरी में हो रही है। इससे पहले कुलगाम में गुरुवार सुबह एक एनकाउंटर शुरू हुआ था। 19 घंटे के ऑपरेशन के बाद सेना ने लश्कर के पांच आतंकियों को मार गिराया। पांचों आतंकी लश्कर ए तैयबा से जुड़े द रेजिस्टेंस फोर्स के बताए जा रहे हैं। 16 नवंबर की शाम कुलगाम के सामनू इलाके सुरक्षाबलों को आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग कर दी। ऑपरेशन में सेना की 34वीं राष्ट्रीय राइफल्स, 9 पैरा (एलीट स्पेशल फोर्स यूनिट), सीआरपीएफ और राज्य पुलिस शामिल थी। कश्मीर जोन पुलिस के मुताबिक, एनकाउंटर गुरुवार शाम साढ़े 4 बजे से शुरू हुआ था। देर रात अंधेरे की वजह से इसे रोक दिया गया, लेकिन सुबह होते ही एक बार फिर फायरिंग शुरू हो गई। पांचों आतंकी जिस घर में छिपे हुए थे, क्रॉस फायरिंग के दौरान उसमें आग लग गई। आतंकियों की बॉडी ड्रोन कैमरा के जरिए देखी गई है।

## उत्तराखंड के नैनीताल में खाई में गिरी जीप, 7 लोगों की मौत कई घायल

**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 17 नवम्बर :** शुक्रवार को उत्तराखंड के नैनीताल जिले में एक पिकअप जीप के सड़क से फिसलकर खाई में गिर गई है। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा ने दुर्घटना में सात लोगों की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हादसे में घायल हुए लोगों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। एसएसपी नैनीताल ने बताया कि हादसा आज सुबह नैनीताल जिले के छैराखान-रीठा साहिब मोटर मार्ग पर उस समय हुआ, जब पिकअप जीप नैनीताल से हल्द्वानी की ओर जा रही थी। एसएसपी ने कहा कि जीप के चालक ने चीराखान-रीठा साहिब मोटर मार्ग पर वाहन से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद वाहन 500 मीटर गहरी खाई में गिर गया। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। शवों को निकालने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों की मानें तो कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें उपचार के लिए आगे भेजा जा रहा है।

## गुलशन सेहरा को भार्या शोक

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 17 नवम्बर :** श्री गुलशन सेहरा की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता सेहरा का आज निधन हो गया है। अंतिम संस्कार आज सायं ऋषि नगर शमशान घाट में किया जाएगा। प्रभु से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार को शक्ति प्रदान करें।

## छठ पर बड़ा तोहफा : एलपीजी सिलेंडर हुआ सस्ता

**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 17 नवम्बर :** देशभर में आज से छठ महापर्व की धूम है। इस खास मौके पर सरकार ने बड़ा तोहफा दिया है। पेट्रोलियम कंपनियों ने एलपीजी सिलेंडर के दाम कटौती की है। छठ के त्योहार से ठीक पहले कमर्शियल गैस सिलेंडर 57 रुपए सस्ता हो गया है। एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कटौती के साथ ही दिल्ली से मुंबई तक इनके दाम घट गए हैं। नई कीमतों को आज से ही लागू हो गई है। इसके बाद 19 किलोग्राम वाले नीले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत दिल्ली में 1775.50 रुपए हो गई है। बता दें कि वैसे तो ऑयल मार्केटिंग कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को एलपीजी की कीमतों में बदलाव करती हैं।

छठ महापर्व से पहले ही पेट्रोलियम कंपनियों ने कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम घटना दिए है। इसके बाद ही दिल्ली में कमर्शियल सिलेंडर 57.50 रुपए सस्ता हो गया है। अब राजधानी में 19 किलोग्राम वाले नीले कमर्शियल गैस सिलेंडर 1775.50 रुपए मिल रहा है। 1 नवंबर को इसकी कीमत 1833 रुपए थी। कोलकाता में इसकी कीमत अब 1885.50 रुपए, मुंबई में 1728 रुपए और चेन्नई में 1942 रुपए हो गई है। इससे पहले कोलकाता में यह 1943 रुपए, मुंबई में 1785.50 रुपए और चेन्नई में 1999.50 रुपए मिल रहा था।

**15 दिन पहले ही बढ़े थे दाम**

आपको बता दे कि सरकार ने 1 नवंबर को कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 101.50 रुपए की बढ़ोतरी की थी। उससे पहले अक्टूबर में कमर्शियल गैस सिलेंडर दिल्ली में 1731.50 रुपए, कोलकाता में 1839.50 रुपए, मुंबई में 1684 रुपए और चेन्नई में 1898 रुपए मे मिल रहा था। हालांकि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दाम अगस्त के महीने से कोई बदलाव नहीं किया है।



## पुलिस ने सुलझाई पेट्रोल पंपों पर की गई लूट की वारदात, 25 व 5 हजार के इनामी अपराधी सहित 3 गिरफ्तार

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 17 नवम्बर :** हिसार जिले में 31 अक्टूबर को 3 पेट्रोल पंपों पर लूट करने और दो जगहों पर फायर करने के मामले में हिसार जिले की एसआईटी को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े हुए आरोपियों की पहचान ठसका निवासी वीरेंद्र उर्फ विनय उर्फ भोपा, दौलतपुर निवासी अमरदास उर्फ अमरू व जींद जिले के काकडोद गांव निवासी विजेंद्र के रूप में हुई। आरोपी वीरेंद्र उर्फ भोपा पर 25 हजार व पांच हजार का इनाम और अमरदास उर्फ अमरू भी पांच हजार का इनामी आरोपी है। इस बारे में हिसार एसपी मोहित हांडा ने प्रैसवर्ता की। पुलिस ने पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की।





एसपी हांडा ने बताया कि पुलिस को कार सवार 6 व्यक्तियों द्वारा हथियारों के बल पर 3 पेट्रोल पंपों पर लूट की वारदात के बारे में सूचना मिली थी। जिस पर आरोपियों ने रावलवास पेट्रोल पंप से 10 हजार रुपए, धीरणवास के पैट्रोल पंप से 2 लाख रुपए और पाबड़ा के पैट्रोल पंप से 1.62 लाख रुपए की नकदी को लूट की। साथ ही गांव डोबी में भी एक घर के बाहर दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग की। पाबड़ा के पैट्रोल पंप पर लूटपाट के बाद भाग रहे बदमाशों की कार सामने से आ रही गाड़ी से जा टकराई। पुलिस द्वारा पकड़े जाने के डर से बदमाश फायरिंग कर, कार छोड़कर फरार हो गए।

**राजस्थान पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम किया था घोषित**

एसपी ने बताया कि आरोपी विरेंद्र उर्फ भोपा पर काफी मामले दर्ज है। 09 जून 2023 को सेंट्रल जेल से जमानत पर रिहा हुआ था। जेल से बाहर आने पर यह इधर उधर छिपता रहा। विरेंद्र उर्फ भोपा नंगथला निवासी जयप्रकाश की गोली मारकर हत्या करने की वारदात में शामिल था और पंजाब, राजस्थान में अपहरण, हत्या, हत्या प्रयास आदि के 18 से 20 मामले दर्ज है। इस साल 03 जुलाई को वीरेंद्र उर्फ भोपा, सुरेश ढंदूर, अरूण पंडित ने मिलकर जयपुर राजस्थान में गणेश नारायण नामक व्यक्ति को गोली मारी थी। इस मामले में राजस्थान पुलिस द्वारा आरोपी वीरेंद्र उर्फ भोपा पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया।

**अमरदास पर 1 दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज**

उन्होने बताया कि दुसरे आरोपी दौलतपुर निवासी अमरदास थाना उकलाना में हिस्ट्री सीटर अपराधी है। आरोपी पर उकलाना थाना में पहले ही एक दर्जन से भी ज्यादा मामले दर्ज है। आरोपी अमरदास ने अपने साथियों के साथ मिलकर ठानी खान बहादुर निवासी भले राम की हत्या की थी तीसरे आरोपी की कोई अपराधिक पृष्टभूमि सामने नहीं आई है।

आरोपियों विरेंद्र उर्फ भोपा, अमरदास उर्फ अमरु और बिजेंद्र की मुलाकात मीनू वासी बधावड़ ने कार्रवाई थी। मीनू वासी बधावड़ ही सभी वारदातो का मुख्य योजनाकार है। मीनू वासी बधावड़ वारदात के उपरांत उपरोक्त आरोपियों के रहने का प्रबंध करता था।

अमरदास उर्फ अमरु की दोस्ती पड़ोसी गांव के निवासी होने के कारण देवेंद्र उर्फ सागर और पवन उर्फ नगड़ से थी। अमरदास उर्फ अमरु, पवन उर्फ़ नगड़, देवेंद्र उर्फ सागर, प्रदीप और मनजीत मिलकर खरखड़ा, रोहतक में मनदीप के होटल पर गए। वहा इन्होंने धोखे से मनदीप की रिट्ज गाड़ी ली और दिलबाग वासी बधावड के पास आए। दिलबाग ने इनका संपर्क फोन के जरिए मीनू वासी बधावड़ से करवाया। मीनू के कहने पर ये सभी चंडीगढ़ गए। विरेंद्र उर्फ भोपा पहले से ही चंडीगढ़ में मीनू के पास था । मीनू ने इनकी जान पहचान विरेंद्र उर्फ भोपा से करवाई। वीरेंदर उर्फ़ भोपा के पास 2 अवैध पिस्तौल व कारतूस थे ।

**लूट के लिए बनाई पहले योजना**

19 अक्टूबर को इन्होने वारदात करने की योजना बनाई। अगले दिन वीरेंद्र उर्फ भोपा, अमरदास उर्फ अमरु और बिजेंद्र ने मिलकर पिस्तौल बल पर रिलायंस पेट्रोल पंप, बरवाला पर नकदी और मोबाइल फोन की लूट की। इसके बाद ये लगातार वारदात करते रहें। इन्होंने उचाना हाईवे पर बने पेट्रोल पंप पर भी लूट की और 31 अक्टूबर को रावलवास पेट्रोल पंप, धीरानवास पेट्रोल पंप, पाबड़ा पेरोल पंप के साथ फायरिंग और गाड़ी से टक्कर मारने की वारदाते की।

पुलिस टीम ने आरोपियों का पीछा करते हुए उपरोक्त तीनों आरोपियों वीरेंद्र उर्फ भोपा, अमरदास उर्फ अमरु और बिजेंद्र को दौलतपुर फरीदपुर रोड रजवाहा के पास से गिरफ्तार किया है।

## हांसी में बढ़ी चोरी की वारदातें

### बंद पड़े मकान से 25 हजार कैश व लाखों रूपए के गहनों पर चोरों ने किया हाथ साफ

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 17 नवम्बर :** हांसी में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है, पिछले कुछ दिनों से लगातार चोरी की वारदात में इजाफा देखा जा रहा है। पुलिस और उच्च अधिकारी चोरी की वारदात पर चुप्पी साधे बैठे हैं। चोर वारदात को अंजाम देने में कामयाब हो रहे हैं,वहीं पुलिस इन चोरों को पकड़ने में नाकाम हो रही है। शहर में चोरी की वारदात से लोगों में दहशत मची है और पुलिस प्रशासन अपराधियों के सामने कमजोर नजर आ रहा है। चोरी का ताजा मामला वीरवार देर रात सामने आया है। जहां बंद पड़े मकान में चोर आसानी से दाखिल हुए और 25 हजार कैश, लाखों रुपये के गहने और कपड़ों पर हाथ साफ कर गए। हांसी में अज्ञात चोरों ने दहशत का माहौल बना रखा है। इसी सप्ताह में चोर शहर के पोस्ट इलाकों से लेकर शहर की कॉलोनियों में दर्जनों चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। शहर में चोरी की वारदातों में लगातार इजाफा होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। शहर में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। हुडडा कॉलोनी आवास नम्बर 512 मैं विधवा कृष्णा सूद जोकि लम्बे समय से बीमार हैं रही है और वह अपने दामाद मानव टुटेजा के आवास पर रह रही है। मानव टुटेजा ने बताया कि शुकेवर सुबह 7 बजे उनकी साली घर पर आई तो मकान का ताला टूटा हुआ पड़ा था। चोर घर के ताले तोड़कर अंदर घुस गए और सारा किमती सामान चोरी कर ले गए। चोरी किए सामान में 2 सोने की बालियां, चांदी समेत 25 हजार कैश समेत नए कपड़े लेकर फरार हो गए। टुटेजा ने बताया कि उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस थाने में दी है।



## 19 नवंबर को सेक्टर-13 में आयोजित होगा 'आओ गुरु बुला रहे हैं' कार्यक्रम

### अजय मुनि जी, दिनेश मुनि जी व विनीत मुनि जी देंगे प्रवचन

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 17 नवम्बर :** मानव जीवन का महत्व समझाने के लिए 19 नवंबर को सेक्टर-13 में गुरुदेव के सान्निध्य में आओ गुरु बुला रहे हैं कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान संघ दीपक श्री अजय मुनि जी महाराज, हिसार के लाल श्री दिनेश मुनि जी महाराज एवं हिसार में दीक्षित श्री विनीत मुनि जी महाराज प्रवचन देंगे। 19 नवंबर को भाजपा जिला कोषाध्यक्ष तरुण जैन के कोठी नं. 1 स्थित सभागार में प्रातः 8.45 से प्रातः 10.45 तक आयोजित होने वाले प्रवचन कार्यक्रम में गुरुदेव पाप, पुण्य, धर्म और मानव जीवन के मर्म से अवगत करवाएंगे। जीवन में अहिंसा व सत्य के नियमों की अनुपालना के संदर्भ में भी विस्तार से चर्चा की जाएगी। इस दौरान भक्तों को मानव जीवन के विभिन्न पहलुओं को जानने व समझने का भी अवसर मिलेगा। हिसार की श्री एस. एस. जैन सभा के तत्वावधान में आयोजित होने वाले आओ गुरु बुला रहे हैं कार्यक्रम में हिसार व आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुगण पहुंचेंगे। उल्लेखनीय है कि श्री अजय मुनि जी महाराज, श्री दिनेश मुनि जी एवं श्री विनीत मुनि जी महाराज चातुर्मास हेतु हिसार में पधारे हुए हैं। उनके प्रवचनों व दिव्य वाणी का लाभ भक्तों को निरंतर मिल रहा है।











# सम्पादकीय..........

## शिक्षक अच्छे वेतन और सम्मान के हकदार

देश के विकास में शिक्षा की महत्ता को स्वीकार तो हमेशा ही किया गया है, लेकिन संसाधनों और दूरदर्शिता के अभाव में शिक्षा क्षेत्र की अनदेखी ही होती आई है। शिक्षा क्षेत्र पर जितना ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए था, किया नहीं जा सका है। यह ऐसा क्षेत्र है जिसमें आजादी के 75 साल बाद भी प्रयोग ही किए जा रहे हैं। कभी गांव-गांव स्कूल खोलने की बात होती है तो कभी छोटे-छोटे स्कूलों को बड़े स्कूल में मिलाकर खर्च बचाने की। हद तो यह कि जिस क्षेत्र के पास देश के भविष्य की बुनियाद मजबूत करने की महती जिम्मेदारी है, उसे ठेके पर चलाने से भी परहेज नहीं किया जाता। शिक्षा क्षेत्र का निजीकरण तो एक समस्या है ही, सरकारी स्कूलों के लिए भी ठेके पर शिक्षक नियुक्त करने का चलन कई राज्यों में दिख जाता है। बिना तैयारी के शुरू करने से गरीब और वंचित बच्चों तक ज्ञान की ज्योति पहुंचाने के लिए बनी सरकारी योजनाओं का अपेक्षित लाभ अभी कोसों दूर है। अब नीति आयोग ने फिर शिक्षा व्यवस्था में बड़े बदलाव की सिफारिश की है, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूलों को मर्ज करने और शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को तर्कसंगत बनाने का सुझाव दिया गया है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, चीन की तुलना में भारत में समान नामांकन के आधार पर पांच गुना ज्यादा स्कूल हैं। कई राज्यों में 50 फीसदी ऐसे स्कूल हैं, जहां 60 से भी कम नामांकन हैं। देशभर में 10 लाख से अधिक शिक्षकों की कमी है। कई राज्यों में शिक्षकों के 30 से 50 फीसदी पद खाली हैं। शहरी क्षेत्र में जरूरत से ज्यादा तो ग्रामीण इलाकों में जरूरत से काफी कम शिक्षक हैं। ऐसे स्कूलों की तादाद भी हजारों में हैं, जहां संस्था प्रधान ही नहीं हैं। देश में शिक्षा और स्वास्थ्य दो ऐसे क्षेत्र हैं, जिन्हें मुनाफाखोरी से दूर रखा जाना चाहिए। संसाधनों के लिए धन जुटाने के कई तरीके हो सकते हैं, जिनका पता लगाया जाना चाहिए। निजी क्षेत्र के सीएसआर फंड का इस्तेमाल किया जा सकता है और उन पर अतिरिक्त कर भी लगाए जा सकते हैं। वर्तमान में ज्यादातर कंपनियां सीएसआर फंड का इस्तेमाल अपने ब्रांड के प्रमोशन में ही करती दिखती हैं। इन्फोसिस के पूर्व सीईओ एनआर नारायणमूर्ति का यह सुझाव भी गौर करने लायक है कि देश में स्कूली शिक्षा पर एक अरब डॉलर खर्च करने और दुनिया के 10,000 अत्यंत कुशल रिटायर हो चुके शिक्षकों की सेवाएं लेते हुए सेवारत शिक्षकों को प्रशिक्षित करने की जरूरत है। शिक्षक अच्छे वेतन और सम्मान के हकदार हैं। जब तक ऐसा नहीं होगा, सर्वोत्तम प्रतिभाएं इस क्षेत्र में अपना करियर नहीं खोज सकेंगी। नीति आयोग की सिफारिशों पर अमल करने से पहले इन सब बातों पर भी गौर करना होगा।

# उगते सूरज और दौड़ते हुए घोड़े के चित्र लगाने से नहीं होती प्रगति, करना होगा यह काम

मेट्रो ट्रेन की तरह दरवाजे, जीवन में भी कभी बाईं (सुख) तो कभी दाईं (दुख) ओर खुलेंगे। सुख-दुख के मिश्रण का ही नाम है जीवन। तमाम संघर्षों और समस्याओं के रहते हुए भी बहुत खूबसूरत है जिंदगी। इसको जी भर कर जिएं, भरपूर भरपूर आनंद उठाएं। इसकी-उसकी देखा-देखी में ना पड़ें। हममें से सभी कभी-कभी अपनी जिंदगी से असंतुष्ट, निराश और परेशान हो जाते हैं। जबकि उसी समय कुछ लोग हमारी जैसी जिंदगी जीने का सपना देख रहे होते हैं। आकाश में उड़ते हवाई जहाज को देखकर जमीन पर बैठा बालक उड़ने का सपना देख रहा होता है, पर उसी समय जहाज का पायलट खेत और बच्चे को देख घर-परिवार में लौटने की सोचता है। अपना ज्यादा ध्यान अपने दुर्भाग्य पर न लगाएं।

अगर धन-दौलत ही खुशहाल होने की कुंजी होती, तो अमीर लोग सड़कों पर नाचते दिखाई पड़ते, लेकिन सिर्फ अमीरी से दूर बच्चे ऐसा करते दिखाई देते हैं। अगर खूबसूरती और प्रसिद्धि मजबूत रिश्ते कायम कर सकती तो 'सिलेब्रिटीज' की शादियां सबसे ज्यादा सफल होतीं। हम जब इस दुनिया में आते हैं, तो हमें कुछ कर्ज चुकाने होते हैं। अपने माता-पिता, परिजनों, मित्रों, समाज और देश का। इनमें बड़ा ऋण उस परमात्मा का, जिसने हमें इन कर्जों को उतारने के लायक बनाया। अब हम अगर इन कर्ज को ना चुका कर धन-दौलत का अंबार लगाने में जुट जाएं तो यहां हमारे बैंकों में अवश्य ही लाखों-करोड़ों का बैलेंस होगा, लेकिन परमेश्वर के लेखे-जोखे में हमारा पुण्य का बैलेंस शून्य ही होगा।

अमीर होने की अनुभूति करनी है, वह खुशी चाहते हैं जो कभी खत्म न हो और न कम हो, तो अपनी खुशी को कीमती चीजों में नहीं बल्कि परिवार, दोस्त, सम्मान, गरिमा, और अच्छी यादों में तलाश करें। सामान्य जीवन जिएं, विनम्रता से चलें और

**अध्यात्म**

ईमानदारीपूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। संबंधों के प्रति समर्पण हो तो राधा जैसा। नाम कहीं भी नहीं लिखा है 'श्री भागवत' में राधा का। फिर भी समापन पर लोग राधे-राधे कहते हैं। सांसारिक व्यवस्था में अकेले का कोई अस्तित्व नहीं। संगठन से, समाज से, परिवार से जुड़े रहें। संपत्ति और खेत अगर सड़क पर हो तो कीमती बन जाता है लेकिन अगर आदमी अकेला होकर सड़क पर हो तो उसकी कोई कीमत नहीं होती। अपने होने को सार्थक बनाएं, चारों तरफ छोटी-छोटी खुशियां, छोटे-छोटे आश्रय बोएं।

यह समझाने की आवश्यकता नहीं है कि हम बेहतर हैं। न ही दूसरों के स्तर तक नीचे जाने की जरूरत है। अपनी ऊर्जा को सकारात्मक प्रयासों में लगाएं। वह करें जो हमारे सम्यक रूप से मनोनुकूल हो। चीता अपनी गति का उपयोग शिकार करने के लिए करता है ना कि कुत्तों को यह बताने के लिए कि वह तेज और मजबूत है। जरूरी नहीं कि बरगद और पीपल ही बनें, गमले की तुलसी भी कम नहीं होती। विवेकपूर्ण हाथों में दीपक भी सूर्य बन जाता है।

कोई हमारे साथ कितना भी दुर्व्यवहार कपट, छल करे हमें निर्मल, निष्पाप बने रहना है। क्योंकि बीमार को देखकर स्वयं बीमार हो जाना बुद्धिमानी नहीं कहलाती। सृष्टि अपने आप में संपूर्ण होती है, हमें जो कुछ गलती उसमें दिखती है वह हमारी दृष्टि में होती है। सारी दुनिया को अच्छा करने का प्रयास न करके अपने दृष्टिकोण को बदलने का प्रयास करें। उगते सूरज और दौड़ते हुए घोड़े के चित्र लगाने से प्रगति नहीं होती। अपने उत्थान के लिए सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त तक घोड़े की भांति दौड़ना पड़ता है।

# सुण मौल्लड़ की



पाकिस्तान भारतीय सीमा के अंदर ड्रोन से मादक द्रव्य गिरा रहा है।

भूखे मरदे ईब ड्रग तस्करी करण लाग गे।

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** व्यापार में विस्तार होगा। नौकरी तलाश रहे लोगों को अनुकूल सफलता मिल सकती है। मेहनत के अनुसार सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

**वृषभ :** धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। गुरुजनों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यों से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

**मिथुन :** किसी अंजान स्थान की यात्रा न करें। जोखिम लेने से बचें, नुकसान होने की संभावना। विरोधी फसाने का प्रयास करेंगे। भगवान शिव जी की पूजा करें।

**कर्क :** कारोबारी यात्रा सुखद रहेगी। व्यापारिक सांझेदारी से लाभ होगा। परिवार का साथ खुशी देगा।

**सिंह :** शत्रुओं से सावधानी बरतें। षड़यंत्र का शिकार हो सकते हैं। बेवजह बहस करने से बचें। गाय माता की सेवा करें।

**कन्या :** प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त होगी। भविष्य को लेकर योजना बनाएंगे। अनुभवी लोगों की सलाह का लाभ मिलेगा।

**तुला :** लोगों को अपने विरूद्ध खड़ा पाएंगे। सहयोगियों के साथ कहासुनी होने की संभावना। मन में अनहोनी का भय रहेगा। लक्ष्मी माता की पूजा करें।

**वृश्चिक :** लम्बे समय से चली आ रही मुश्किलें दूर होगी। परिजनों का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में अनुभव का लाभ मिलेगा।

**धनु :** आर्थिक मुनाफा होने की संभावना। अटका धन वसूलने में सफल रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। बातचीत में नरमी बरतें।

**मकर :** मन संवेदनशील बना रहेगा। सिर पर चोट लगने की संभावना सावधानी रखें। सहयोगियों की बातों को लेकर मन में खिन्नता बढ़ेगी। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।

**कुंभ :** अत्याधिक खर्चे के चलते मन में तनाव बना रहेगा। विवादास्पद मामले परेशान करेंगे। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव संभव है। भगवान कृष्ण जी की पूजा करें।

**मीन :** नए कार्यों के अवसर प्राप्त होंगे। यात्रा से लाभ होगा। जनता का सहयोग मिलेगा।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)

# जहाजपुल गवर्नमेंट स्कूल की टीम ने अभिनय एवं नृत्य में प्रथम स्थान हासिल किया



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** नगर के जहाज पुल स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जहाजपुल के छात्र एवं छात्राओं ने गंगवा हिसार में आयोजित खंड स्तरीय प्रतियोगिता में रोल प्ले और लोक नृत्य में कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान लाकर स्कूल का नाम रोशन किया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा यह कार्यक्रम सामाजिक कुरीतियों एवं किशोरावस्था की समस्याओं एवं चुनौतियों से अवगत कराता हुआ भूमिका निर्वाहन एवं लोक नृत्य पर आधारित था। इस कार्यक्रम में प्राचार्य सत्येंद्र सिंह ने अपने विद्यालय के संगीत अध्यापक जितेंद्र बजाज एवं विकास शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और साथ ही साथ विद्यालय के थिएटर अध्यापक सौरभ गौतम द्वारा कराए गए नाटक में बच्चों द्वारा यह संदेश दिया गया कि 'नशे' से दूर रहे एवं लोगों को भी नशे का सेवन करने से रोके। प्राचार्य ने बताया हमें अपने अध्यापकों पर बहुत गर्व एवं खुशी है, जब उनकी यह मेहनत रंग लाती है। अंत में प्राचार्य ने विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

# दूसरों का बुरा सोचना ही, सुखमय जीवन बनाने में सबसे बड़ी समस्या है!

**-पाठकपक्ष डेस्क-**



सभी जानते हैं कि जैसा हम सोचते हैं, वैसा ही करते हैं और फिर जैसा बीज बोते हैं, वैसा ही फल पाते हैं, आक जैसे कड़वा बीज बोएंगे तो आम का मीठा फल कहां से आ सकता है? अगर हम किसी के लिए अच्छा सोचते और अच्छा करते हैं तो उसका सबसे पहला लाभ हमें ही होता है क्योंकि हमारे हृदय में करुणा, मुदिता और रहम जैसे भाव उत्पन्न होते हैं और उनसे सकारात्मकता मिलती है, इसके विपरीत जब हम वैर विरोध, ईर्ष्या द्वेष और दूसरों को नीचे गिराने के विचार मन में लाते हैं तो सबसे पहले हमारा मन ही उससे प्रदूषित होता है। पुराणों में दधीचि ऋषि और उसके पुत्र पिप्पलाद की कथा आती है। महाऋषि दधीचि ने जनकल्याण के लिए अपने प्राण उत्सर्ग कर अपनी अस्थियां वृत्रासुर के वध के लिए दे दी तो जब उनके पुत्र पिप्पलाद को पता चला तो उसने सभी देवताओं को खत्म करने का प्रण कर लिया, इसके लिए पिप्पलाद ने कठोर तपस्या की, ब्रह्मा, विष्णु से वरदान में देवताओं के संपूर्ण विनाश की मांग रखी। उन्होंने उसके इस संकल्प को पूरा करने का वरदान देने में असमर्थता जताई। तब उसने अभीष्ट वर की प्राप्ति के लिए शिव भगवान की तपस्या की। उसकी तपस्या पूर्ण होने पर प्रसन्न होकर शिव ने वरदान मांगने को कहा।तब पिप्पलाद बोला, 'प्रभु! आप यदि प्रसन्न हैं तो अपना प्रलयकारी तीसरा नेत्र खोलकर सभी देवताओं को भस्म कर दीजिए' भगवान शिव ने कहा, पिप्पलाद! मैं सौम्य और कल्याणकारी रूप में तुम्हारे सामने हूं, मेरे रुद्र रूप के तेज का आह्वान मत करो, उसके प्रकट होने पर तो संपूर्ण जगत ही नष्ट हो जाएगा पिप्पलाद ने कहा कि 'मैं तो देवताओं के संपूर्ण विनाश के लिए संकल्पित हूं' भगवान शिव ने उसे अपने रौद्र रूप का आह्वान करने के लिए कहा। बस फिर क्या था, पिप्पलाद का समूचा शरीर थर थर कांपने लगा, इंद्रियां शिथिल होने लगी, उसकी समस्त चेतना लुप्त होने लगी।आर्त स्वर में पिप्पलाद ने शिव को पुकारा तो शिव पुनः अपने सौम्य रूप में प्रकट हुए। सामने शिव को खड़ा देख, पिप्पलाद ने कहा, 'महादेव! आप यह कैसा अनिष्ट करने लगे, मैंने तो सब देवताओं को भस्म करने की प्रार्थना की थी, आप तो मुझे ही भस्म करने लगे।' शिव हंस पड़े, बोले, 'विनाश की आग किसी एक स्थल से आरंभ होकर ही व्यापक होती है, विनाश का आरंभ भी सदैव उसी स्थान से होता है जहां से उसका आह्वान किया जाता है। विनाश की कामना करने पर भला तुम कैसे बचोगे?, वैसे भी गुण रुप में सारे देवता तुम्हारे शरीर में भी निवास करते हैं, जैसे नेत्रों में सूर्य,मन में चन्द्रमा, वायु श्वास और त्वचा, अग्नि जठराग्नि आदि में समाहित है। अतः तुम्हारे भस्म हुए बिना भला ये देवता कैसे भस्मीभूत हो सकते हैं?' फिर शिव ने उसे समझाया, तुम्हारे सरल व उदारमना पिता महर्षि दधीचि ने सर्व कल्याण के लिए प्रसन्नता पूर्वक अपनी अस्थियां दान में दी, उनका त्याग असुरों के विनाश व सभी के हितार्थ था, अतः उन्हें अमर कीर्ति मिली। सृष्टि और उसके चलाने वाले देवताओं का विनाश करके तुम क्या पाओगे? पुत्र! तुम भी लोगों के कल्याण की मंगलकामना करो, यही ऋषित्व है। शिव के वचन सुनकर पिप्पलाद ने मस्तक झुका दिया, उसे उसकी तपस्या का फल मिल गया था।

**-डॉ. कमलेश कली**

# कर्म का मर्म

## अरस्तू का ज्ञान

तब यूनान के महान दार्शनिक अरस्तू का नाम चारों ओर फैल चुका था। एक व्यक्ति ने सोचा कि जब अरस्तू इतने बड़े विद्वान हैं तो उनके गुरु कैसे होंगे। अपनी जिज्ञासा लेकर वह एक दिन अरस्तू के पास पहुंचा और बोला, 'मैं आपके गुरु से मिलना चाहता हूं।' अरस्तू का गुरु वैसे प्लेटो को माना जाता है। लेकिन अरस्तू ने शिक्षा के किसी एक स्रोत तक खुद को सीमित नहीं किया था। वह इस व्यक्ति की सोच को भी दुरुस्त करना चाहते थे। सो उन्होंने कहा, 'आप मेरे गुरु से नहीं मिल सकते।' हैरान होकर आगंतुक ने पूछा, 'क्या आप अपने गुरु से मुझे मिलवाना नहीं चाहते?'



अरस्तू बोले, 'बात यह है कि मेरा गुरु एक नहीं, अनेक हैं।' आगंतुक ने फिर कहा, 'आपकी बात मैं समझ नहीं पा रहा हूं, कृपया मुझे अच्छी तरह समझाइए। मैं बड़ी दूर से आपके गुरु के बारे में जानने आया हूं।' इस पर अरस्तू ने मुस्कुराते हुए कहा, 'इस दुनिया के सारे मूर्ख मेरे गुरु हैं। आप बताइए कैसे मैं उन सबसे आपको मिलवा दूं।' खुद को संयत रखते हुए आगंतुक ने कहा, 'आप मजाक कर रहे हैं। ज्ञान के लिए लोग बड़े-बड़े विद्वानों, गुरुओं के पास जाते हैं। इसके लिए मूर्खों की शरण कौन लेता है!'

इस पर अरस्तू ने उन्हें समझाया, 'सचाई यह है कि किसी व्यक्ति को मूर्ख उसके किसी न किसी अवगुण के कारण समझा जाता है। तो जब भी मैं किसी मूर्ख से मिलता हूं, पहले उसके अवगुण की पहचान करता और फिर यह देखता हूं कि कहीं वह अवगुण मुझमें भी तो नहीं। अगर हुआ तो उसे दूर करने में लग जाता हूं। इसलिए मेरे विकास में सबसे बड़ी भूमिका मूर्खों की रही है। स्वाभाविक रूप से मैं मूर्खों को ही अपना सच्चा गुरु मानता हूं।' उत्तर सुनकर आगंतुक अरस्तू के चरणों में झुक गया।

# लंबित मांगों को लेकर अनुबधित विद्युत कर्मचारी संघ करेगा आंदोलन का आगाज : ओमबीर यादव

## अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा की प्रदेश स्तरीय बैठक विद्युत नगर हिसार में हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष कंवरपाल ने की। बैठक में अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश सरकार व बिजली निगम प्रबंधन द्वारा कच्चे कर्मचारियों की अनदेखी किए जाने को लेकर रोष प्रकट किया गया।

प्रदेश महासचिव ओमबीर यादव ने बताया कि संगठन लगातार प्रदेश सरकार व बिजली निगम प्रबंधन को वार्ता व पत्राचार के माध्यम से कर्मचारियों के मांगों से अवगत करवा रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारीा 12 जून 2023 को थर्मल कर्मचारियों के साथ हुए समझौते को पूर्णत लागू कर सभी कर्मचारियों के गेट पास बनवाना, 3 साल से रूकी वेतन बढ़ोतरी का लाभ दिलाना, बोनस का लाभ दिलवाना, रिटायरमेंट पर एकमुश्त 20 लाख रुपए की राशि दिलवाना, एलटीसी व जोखिम भत्ता देना, सभी कच्चे कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर पॉलिसी लागू करना, 58 साल की आयु तक रोजगार की सुरक्षा प्रदान करना, अनुबंधित कर्मचारियों को पदोन्नति देना, पार्ट टाइम कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में शामिल करना, सब स्टेशन यार्ड सटीक को 5 से 7 करना सहित अनेक मांगों को उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा लगातार आवाज उठाए जाने के बावजूद सरकार व बिजली निगम प्रबंधन मांगों के समाधान की दिशा में कोई सकारात्मक कदम नहीं उठा रहा है, जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी रोष है। इसके चलते संगठन ने 28 नवंबर को गुरूग्राम व पंचकूला और 5 दिसंबर को रोहतक व हिसार में विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्य अभियंता के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताय कि इस विरोध प्रदर्शन में प्रदेश के 22 जिलों के अनुबंधित विद्युत कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

प्रदेश अध्यक्ष कंवरपाल ने कहा कि विद्युत विभाग को घाटे से उभारकर एक मजबूत स्थिति में लाने में अनुबंधित कर्मचारियों का अहम योगदान है। इसको लेकर अनुबंधित कर्मचारियों का सम्मान करने की बजाय सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार द्वारा समय रहते संगठन के साथ बातचीत के माध्यम से अनुबंधित विद्युत कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किया तो संगठन आंदोलन तेज करने को विवश होगा और आगामी चुनावों में सरकार के समीकरण बिगाड़ने में अपनी अहम भूमिका अदा करेगा। जिसका खामियाजा वर्तमान सरकार को सत्ता से बाहर होकर भुगतना होगा ।



बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय मजदूर संघ के प्रांत मंत्री देवी लाल गुराना ने कहा कि यदि सरकार द्वारा सकारात्मकता नहीं दिखाई जाती है तो संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता लगातार सरकार के खिलाफ अभियान चलाने और आंदोलन को तेज करने का काम करेगा।

बैठक में संगठन के सभी प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित रहे।

DHANWANTARI
Ayurvedic Centre
स्वस्थ भारत अभियान
• शुगर • पाचन रोग • थाईराईड
• मोटापा • पुरूषत्व रोग • घुटनों का दर्द
• बी.पी. • सांस की एलर्जी • नसों की ब्लोकेज
• कॉलस्ट्रोल • नशे की आदत • बवासीर
• जोड़ों का दर्द • लीवर व किडनी रोग • न्यूरो रोग
• स्त्री रोग • हृदय रोग
• चमड़ी रोग • एड्स



Lion Surinder Chhinda
DIAMOND
& Health Consultant
शराब छुड़वाने के लिए फ्री परामर्श
शराब, बीड़ी सिगरेट, तम्बाकु व हर प्रकार का भयानक नशा छुड़ाया जाता है
डेंगु बुखार में प्लेटलेट बढ़ाने की ब्रहामस्त्र दवाई दी जाती है 100 प्रतिशत ईलाज
बिना दवाई के कैसे निरोग रहा जाए इसके लिए हैल्थ टिप्स दिए जाते हैं।
गुर्दे की पत्थरी का शर्तिया ईलाज बिल्कुल फ्री ईलाज कोई फीस नहीं ली जाती।
इन सभी बिमारियों के सम्पूर्ण ईलाज के लिए उच्च क्वालिटी की आयुर्वेदिक दवाईयां उपलब्ध है।
अगर सदा स्वच्छ रहना है तो पानी स्वच्छ व अच्छा होना चाहिए
आयूरजल आपको देगा पहाडो व झरनो जैसी अलग लाईन पानी के लिए सम्पर्क करें
हमारे यहां पर देसी गाय का 100% शुद्ध घी उचित रेटो पर उपलब्ध है।
M/s NAIRA HEALTH CARE
29, Kali Mata Mandir Road,
Bank Colony, Hisar 125001 (Haryana)
M. 92155-82868

|| राम ||
Lovely Salon
Estd. 1974
Will be Closed on Tuesday
Hair Studio | Make up
Skin Treatment | Nail Art
Ram Smarpan, N-121, Model Town, Gurudwara Road, Hisar
Ph.: 01662-247570, 9896851500
(web : www.lovelysalon.in)
राम
müse-II
Multi Designer Store
Above Lovely Salon, Gurudwara Road,
Model Town, Hisar
Mob.: 8607224444, 8222035555

### एडीजीपी ने हिसार मंडल की ड्रग्स मुक्ति टीम से बैठक कर कार्यो की समीक्षा की

# धाकड़ वह युवा जो अपने माता- पिता का सम्मान व उनकी भावनाओं की कदर करता है : एडीजीपी श्रीकांत

## नशा मुक्त अभियान के पहले चरण मे हिसार मंडल के 100 गांव ड्रग मुक्त करने दिया लक्ष्य

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** श्री श्रीकांत जाधव, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, हिसार मंडल ने मंडल के सभी जिलों मे गठित ड्रग्स मुक्ति टीम के नोडल अधिकारियों व टीम सदस्यों से बैठक कर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों व धरातल पर मिले परिणामों की समीक्षा की। हिसार मंडल के सभी जिलों मे पांच- पांच पुलिस के कर्मचारियों की टीम गठित की गई है जिनमे दो महिला पुलिस कर्मचारी भी शामिल है। टीमे ड्रग प्रभावित गांवों मे जाकर डोर टू डोर सर्वे करती है व ड्रग पीड़ितों की पहचान कर उनकी व उनके परिवार के लोगो की काउंसलिंग करवाई जाती है। उन्हें इलाज के लिये प्रेरित भी किया जा रहा है। एडीजीपी हिसार मंडल का यह ड्रग की डिमांड को नियन्त्रित करने का विशेष प्रयास है।

हिसार मंडल मे इस अभियान के तहत अब तक 218 गांवों में सर्वे कर 3695 ड्रग पीड़ितों की पहचान की है। 3423 ड्रग पीड़ितों का डोजियर फॉर्म भर ड्रग पीड़ितों व उनके परिवार के सदस्यों की काउंसलिंग करवाई गई है। टीमो ने 1861 ड्रग पीड़ितों का उपचार शुरु करवाया है। टीमों द्वारा फीडबैक भी लिया जा रहा है, फीडबैक के दौरान 441 लोगों ने दावा किया कि उन्होने ड्रग से नाता तोड लिया व अब वे दूसरों को भी इस लत से बाहर निकालने का काम करेंगे।

ड्रग मुक्ति टीम ने जिला हिसार के 56 गांवों को चिन्हित करके डोर टू डोर सर्वे के दौरान 915 ड्रग पीड़ितों की पहचान की है व 808 के डोजियर फार्म भरे हैं, जिनमें से सभी ड्रग पीडितों व उनके परिवारजनों की काउंसलिंग की गई है । चिन्हित किए गए ड्रग पीड़ितों में से 475 को सरकारी/ गैर सरकारी अस्पतालों से दवा दिलवाकर उनका उपचार शुरू करवाया है । टीम के प्रयासों से जिला हिसार में से 120 ड्रग पीड़ितों ने नशे की लत को अलविदा कहा है ।

पुलिस जिला हांसी की ड्रग मुक्ति टीम ने अपने जिले के 36 गांवों को चिन्हित करके डोर टू डोर सर्वे के दौरान 447 ड्रग पीड़ितों की पहचान की है व 444 के डोजियर फार्म भरे है जिनमें से सभी ड्रग पीड़ितों व उनके परिवारजनों की काउंसलिंग की गई है । चिन्हित किए गए ड्रग पीड़ितों में से 256 को अस्पतालो से दवा दिलवाकर उनका उपचार शुरू करवाया है। टीम के प्रयासों से पुलिस जिला हांसी में 47 ड्रग पीड़ितों ने नशे की लत को अलविदा कहा है।

जिला सिरसा में 54 गांवों को चिन्हित कर 1081 ड्रग पीडितों की पहचान की है व 1081 के डोजियर फार्म भरे है, जिनमें से 865 ड्रग पीड़ितों व उनके परिवारजनों की काउंसलिंग की गई है। चिन्हित किए गए ड्रग पीडितों में से 571 को सरकारी अस्पताल से दवा दिलवाकर उनका उपचार शुरू करवाया है। टीम के प्रयासों से जिला सिरसा में से 71 ड्रग पीडितों ने नशे की लत को अलविदा कहा है।



जिला फतेहाबाद की ड्रग मुक्ति टीम ने अपने जिले में 33 ड्रग से प्रभावित गांवों मे 745 ड्रग पीडितों की पहचान की है व 583 के डोजियर फार्म भरे है जिनमें से 470 ड्रग पीडितों व उनके परिवारजनों की काउंसलिंग की गई है। चिन्हित किए गए ड्रग पीडितों में से 334 को सरकारी अस्पताल से दवा दिलवाकर उनका उपचार शूरू करवाया है। टीम के प्रयासों से जिला फतेहाबाद में से 133 ड्रग पीडितों ने नशे की लत को अलविदा कहा है।

जिला जींद में 39 ड्रग से प्रभावित गांवों मे 507 ड्रग पीड़ितों की पहचान कर डोजियर फार्म भरे है जिनमें से 382 ड्रग पीडितों व उनके परिवारजनों की काउंसलिंग की गई है। चिन्हित किए गए ड्रग पीड़ितों में से 225 को सरकारी अस्पताल से दवा दिलवाकर उनका उपचार शुरू करवाया है। टीम के प्रयासों से जिला जींद में से 70 ड्रग पीड़ितों ने नशे की लत को अलविदा कहा है।

इसी अभियान के तहत एडीजीपी ने टीमों को निर्देश दिये है कि जिन गांवों में टीमें दौरा करती है उन गांवों मे साय 6/7 बजे तक ठहर कर गांव की हालात व नशे की स्थिति का जायजा लेंगे, उन्होंने कहा गांव की असल तस्वीर सायंकाल के समय सामने आती है।

ड्रग मुक्ति टीम ड्रग तस्करों व नशे की दवा बेचने वाले केमिस्टो की भी सूची तैयार करने को कहा है, सभी नोडल अधिकारियों को टीम द्वारा तैयार सूची अनुसार कार्रवाई कर रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिये गये है।

हर जिले के 20/20 गांवों को पहले चरण मे ड्रग मुक्त कर ड्रग मुक्त गांव घोषित करवाने के निर्देश दिये गये है, इस कार्य के लिये 31 दिसम्बर तक का समय टीम प्रभारियों को दिया गया है। नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये गये है इन गांवों का ब्यौरा तैयार करेंगे व इन गांवों मे ड्रग मुक्ति कैंप भी लगाये जायेगे। इन गांवो की गहन समीक्षा उपरान्त एक भव्य कार्यक्रम में इन गांवों को ड्रग मुक्त गांव घोषित किया जाएगा।

हिसार मंडल के हर शिक्षण संस्थान मे धाकड़ का सेल्फी प्वाइंट बनाया जायेगा। जहा हर छात्र अपनी सैल्फी ले अपने आप के धाकड होने का गौरव महसूस कर सकेगा।

एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने बतलाया की धाकड वह छात्र है जो नशे से दूर है, दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिये प्रेरित करता है, धाकड वह है अपने माता पिता का सम्मान व उनकी भावनाओं की कदर करता है।

### रोहतक को अयोध्या से जोड़ने के लिए रेल मंत्री से मिले सांसद डॉ अरविंद शर्मा

# रेल मंत्री ने दिया आश्वासन, सांसद बोले, जरुर होगी क्षेत्र वासियों की मांग पूरी

## सांसद अरविंद शर्मा के प्रयास से ही रोहतक से खाटू श्याम तक शुरु हुई थी विशेष एक्सप्रेस

**पाठकपक्ष न्यूज**

**रोहतक, 17 नवम्बर :** रोहतक से खाटू श्याम तक जुडने के बाद रेल यात्रियों व राम भक्तों के लिए बड़ी खुश खबरी है। रोहतक को अयोध्या से जोड़ने के लिए सांसद अरविंद शर्मा ने रेल मंत्री से मुलाकात की और लोगों की मांग उनके समक्ष रखी। रेल मंत्री ने क्षेत्र वासियों की मांग पर गंभीरता से विचार करने को कहा है। सांसद ने बताया कि रेल मंत्रालय ने प्रदेश को कई बड़ी सौगात दी है और रोहतक लोकसभा क्षेत्र का तो विशेष ध्यान रखा गया है। सांसद ने रेल मंत्री का आभार जताया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि जल्द ही भक्तों को यह खुशखबरी मिलेगी। वीरवार शाम को सांसद अरविंद शर्मा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से मुलाकात की और रोहतक को अयोध्या से जोड़ने संबंधी मांग पत्र उन्हें सौंपा। रेल मंत्री ने उन्हें आश्वसन दिया है कि जल्द ही उनकी मांग पर विचार किया जाएगा। दरअसल हाल ही में सांसद अरविंद शर्मा के प्रयास से रेलवे मंत्रालय ने लोकसभा क्षेत्र में छह गाड़ियों के ठहराव को मंजूरी दी है और रोहतक से (रिंगस) खाटू श्याम तक विशेष एक्सप्रैस चलाई है। सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे



बढ़ा है। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है और विदेशों में भी भारत के नाम का डंका बज रहा है। कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जो विकास से अछूता हो। प्रधानमंत्री मोदी ने सबका साथ, सबका विकास के नारे को अपनाते हुए साबित कर दिया है कि यदि व्यक्ति की नीति व नीयत ठीक हो तो देश का समान विकास किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में आज सड़कों का जाल बिछा हुआ है और यह कार्य जारी है। मोदी ने देश में विकास के नये आयाम स्थापित किए हैं।

# किसान मजदूर एक बार फिर आंदोलन की राह पर

## 26, 27, 28 नवंबर को किया जाएगा चंडीगढ़ राज भवन का घेराव

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** गत दिवस जिला हिसार की क्रांतिमान पार्क में भारतीय किसान मजदूर यूनियन की मीटिंग हुई। मीटिंग में यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कौथ मौजूद रहे। बैठक में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर आगामी 26, 27, 28 नवंबर को चंडीगढ़ राज भवन के घेराव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। मीटिंग में किसान नेताओं को नई जिम्मेदारी सौंपी गई जिसमें जोगेंद्र मईयड़ को प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं धर्मपाल बडाला, कृष्ण किरमारा व राम अवतार सुलचानी मनरेगा यूनियन को स्टेट कमेटी में लिया गया। पंडित फूल कुमार बास, बशीर खान (बबलू), सुरेंद्र, दिलबाग देपल, सोमबीर भगानाा व धर्मपाल (गोगी) खरड़ को ब्लॉक की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रदेश प्रवक्ता जोगेंद्र मईयड़ ने बताया कि इस सरकार से आज हर वर्ग दुखी है किसानों को अपनी फसल का अच्छा भाव नहीं मिल रहा इसलिए स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को तुरंत लागू किया जाए। किसानों के रुके हुए मुआवजे अब तक नहीं मिले हैं। किसानों के कर्ज माफ किया जाएं तथा युवाओं को स्थाई रोजगार दिया जाए। उन्होंने कहा कि मनरेगा लगातार 365 दिन तक की जाए। कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दोबारा लागू की जाए। सरपंचों को भी पूर्व की भांति पूरे अधिकार दिए जाएं। छोटे दुकानदारों व व्यापारियों पर 28 प्रतिशत जीएसटी को घटाकर 5 प्रतिशत किया जाए इन सभी मांगों को लेकर 26, 27, 28 नवंबर को किसानों द्वारा चंडीगढ़ राज भवन का घेराव किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कौथ ने कहा कि समय रहते सरकार ने हमारी सारी मांगे नहीं मानी तो किसान मजदूर एक बार फिर आंदोलन की राह पर बढ़ जाएंगे।

# डॉ अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत आवेदन आमंत्रित, अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 निर्धारित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय विभाग द्वारा डॉ अंबेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। यह जानकारी देते हुए विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति, डीएनटी, टपरिवास एवं पिछड़ा वर्ग तथा सामान्य वर्ग के छात्र जिनके परिवार की वार्षिक आमदनी 4 लाख रुपये से कम है तथा जिन्होंने अगली कक्षा में दाखिला ले लिया है, ऐसे छात्र डॉ अंबेडकर मेधावी छात्रवृत्ति योजना का लाभ लेने के पात्र होंगे। पात्र छात्र 31 जनवरी 2024 तक https://saralharyana.gov.in वेबसाइट पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पात्रता मानदंड, दस्तावेजों की जानकारी तथा योजना के अन्य विवरण विभाग की वेबसाइट http://haryanascbc.gov.in पर देखे जा सकते हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस को जिला कल्याण अधिकारी के कार्यालय तथा हैल्पलाइन नंबर 0172-2566219 व 2567009 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

## यूएस की मशीन से टनल में किया जा रहा ड्रील, 6 दिन से सुरंग के अंदर फंसे हैं 40 मजदूर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 17 नवम्बर :** उत्तराखंड के उत्तरकाशी में 6वें दिन भी टनल में फंसे 40 मजदूरों को सुरक्षित बाहर लाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। सुरंग के मलवे को हटाने के लिए बचावकर्मी अमरीकी मशीन का प्रयोग कर रहे हैं। इस मशीन को एयरफोर्स के हरक्यूलिस एयरक्राप्ट के जरिए दिल्ली से उत्तरकाशी लाया गया है। गुरुवार को ये भारी-भरकम ड्रिलिंग मशीन टनल के 12 मीटर मलबे को खोदने में कामयाबी रही है। जिसके बाद मजदूरों के जल्द बाहर आने की उम्मीद तेज हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार शाम को मलवे में छेद होने के बाद छ मीटर स्टील की पाइप का हिस्सा डाला गया और इसके एक भाग को वेल्ड किया गया। अधिकारियों ने आगे बताया कि जिस गति से ड्रिलिंग का काम हो रहा है, उस गति से मजदूरों तक पहुंचने में दो दिन का वक्त लग जाएगा।

# नहाय खाय के साथ छठ महापर्व शुरू, कल होगा खरना

## डॉ. विजय कुमार त्रिपाठी को दिया जाएगा पूर्वांचल शिरोमणि पुरस्कार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति के तत्वाधान में जिंदल पार्क, मिल गेट स्थित जिंदल सरोवर में मनाये जाने वाले चार दिवसीय छठ महापर्व की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। लोक आस्था का छठ महापर्व आज प्रातः नहाय खाय के साथ शुरु हो गया। अनुष्ठान के दूसरे दिन 18 नवम्बर को खरना करेंगे। 19 नवम्बर को अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को त्रिवेणी के जल से अर्घ्य दिया जाएगा। 20 नवम्बर को प्रातः उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर महापर्व सम्पन्न हो जाएगा। समिति के महासचिव मुरलीधर पाण्डेय व कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र ने बताया कि सरोवर के चारों ओर चार गेट बनाये जाएंगे। चारों वेदों ऋगवेद, यजुर्वेद, सामवेद व अर्थववेद के नाम पर गेट के नाम रखे जाएंगे। चारों गेटों पर चार कुण्ड स्थापित किये जाएंगे और इन कुण्डों पर चार-चार- यजमान बैठेंगे। महापर्व पर होने वाले हवन-यज्ञ में मुख्य यजमान के रुप में समाजसेवी अशोक गोयल मंगालीवाला, धर्मेन्द्र झा, अमरनाथ प्रसाद, रविन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र गोयल, विजय कुमार त्रिपाठी, सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी, अनिल उपाध्याय, तारकेश्वर मिश्र, हरीश चंद्र तिवारी, प्रिंस तिवारी, राजा सेठ, मनोज पाण्डेय, अनिल कुमार आदि उपस्थित होंगे। छठ महापर्व के दिन 19 नवम्बर को सायं 4 बजे हरियाणा की पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल मुख्यातिथि के रूप में भाग लेंगी। अध्यक्षता सूर्य भगवान भास्कर करेंगे। समिति के प्रधान विनोद साहनी ने बताया कि सवा क्विंटल सामग्री से छठी मैय्या का श्रृंगार होगा। पर्व के दिन 11 लाख ज्योतों से छठ मैय्या की आरती होगी। डॉ. विजय कुमार त्रिपाठी को पूर्वांचल शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

**छठ में नहाय-खाय का विशेष महत्व**

आचार्य शिवपूजन मिश्र ने बताया कि छठ महापर्व में नहाय-खाय का विशेष महत्व है। इस दिन व्रती अपने शरीर, वस्त्र एवं घर की शुद्धता का विशेष ध्यान रखते हैं। प्रातः से ही व्रतियों के गंगातट या सरोवर पर नहाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। सरोवरों में स्नान करने के बाद भगवान सूर्य को जल अर्पित करेंगे। उसके बाद घरों में व्रतियों के लिए भोजन बनेगा। भोजन में अरवा चावल, चने की दाल एवं कद्दू की सब्जी बनाई जाएगी। व्रतियों के प्रसाद ग्रहण करने के बाद ही परिवार के अन्य लोग भोजन करेंगे। 18 नवम्बर शनिवार को दिनभर उपवास रहकर सायंकाल सूर्य भगवान को पूजा करके खीर और पूरी का भोग लगाकर अपने घरों में हवन करेंगे। 19 नवम्बर रविवार को सुबह से लेकर दिन भर अन्न-जल ग्रहण नहीं करेंगे और सायंकालीन अस्ताचलगामी सूर्य को तालाब या नदी में अर्घ्य देंगे। अर्घ्य में प्रशाद के रुप में ठेंकूवा, ईख, गुना, मौसमी फल, सीताफल, मूली, हल्दी, अदरक, सोने-चांदी, पीतल एवं बांस (छाज-सूप) आदि में रखकर अर्घ्य देंगे।

**18 नवम्बर को व्रती करेंगे खरना**

शनिवार को व्रती गंगा एवं अन्य जलाशयों में स्नान करने के बाद भगवान सूर्य को जल अर्पित करेंगे। सायंकाल के समय घरों में हवन एवं पूजा-पाठ करेंगे। खरना का प्रसाद मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से साठी-चावल दूध और गुड़ से तैयार किया जाएगा। प्रसाद को सूर्य देव को भोग लगाकर ग्रहण किया जाएगा। इसके बाद रविवार को पूरा दिन व रात अन्न-जल ग्रहण नहीं करेंगे।

**शंख ध्वनि से शुरु होगा छठ महापर्व**

समिति के महासिचव आचार्य मुरलीधर पाण्डेय व कोषाध्यक्ष आचार्य शिवपूजन मिश्र ने बताया कि 19 नवम्बर को प्रातः 6 बजे शंख ध्वनि के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक घाट पूजन एवं घाट संरक्षण का कार्यक्रम चलेगा। 12 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक सवा क्विंटल गन्ना, फूलमाला एवं छठ माता का श्रृंगार किया जाएगा। 3 बजे से सूर्य षष्ठी महायज्ञ प्रारंभ किया जाएगा। सूर्य संहिता के विशेष मंत्रों द्वारा आचार्य शिवपूजन मिश्र एवं आचार्य सुरेश प्रसाद मिश्र की अध्यक्षता में सूर्य षष्ठी महायज्ञ होगा जिसमें कांशी, अयोध्या, वृंदावन, हरिद्वार से आए हुए विद्वानों द्वारा आदित्य ह्रदय स्तोत्र तथा सूर्य संहिता के विशेष मंत्रों द्वारा हवन एवं पाठ किया जाएगा। इसके लिए चारों दिशा में चार कुंड बनाए जाएंगे और एक विशेष रुप से कुंड बनाया जाएगा। सायं 4 बजे से 4:30 बजे तक सूर्य सहस्त्र नामों से हवन किया जाएगा। सायं 5 बजे से अस्ताचल सूर्य को दूध एवं त्रिवेणी जल से अर्घ्य दिया जाएगा। इसके उपरांत 5:30 बजे से 6 बजे तक सूर्य भगवान की 11 लाख ज्योतों द्वारा महाआरती की जाएगी। छठव्रतियों से प्रार्थना है कि अर्घ्य के बाद छठी मैय्या के पांच गीत अवश्य गाएं तथा एक घंटे तक घाट जगाएं। कांशी के विद्वानों के अनुसार सायं 4 बजे उपरांत पूजा का विशेष समय है इसलिये 4:30 बजे तक अवश्य ही सरोवर पर पहुंच जाएं ताकि पूजा का विशेष लाभ मिल सके। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि इस वर्ष छठ व्रत व पूजा का दिन रविवार को आया है। मुख्य रुप से सूर्य का दिन ही रविवार होता है। पूजा का सामान लाल वर्ण का होना चाहिये।

**साक्षात देव हैं भगवान सूर्य**

छठ महापर्व पर भगवान सूर्य की पूजा होती है। वे साक्षात देव हैं, जो लोगों को दिखाई देते हैं। सूर्य की पूजा आदिकाल से की जा रही है। आचार्य शिवपूजन मिश्र व आचार्य मुरलीधर पाण्डेय का कहना है कि सूर्यदेव की पूजा का उल्लेख सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरकाल से मिलता है। तभी से सूर्य पूजा की परम्परा चली आ रही है। विश्व में सूर्य की पूजा विभिन्न रूपों में की जाती है। आचार्य शिवपूजन मिश्र व आचार्य मुरलीधर पाण्डेय ने बताया कि ज्योतिष शस्त्र के अनुसार सूर्य सभी ग्रहों के राजा है। जिस व्यक्ति के ग्रह कमजोर हैं, वे भगवान सूर्य की पूजा करते हुए छठ व्रत करें, उनके सभी ग्रह अनुकूल हो जाएंगे।

**अमेरिका में भी मनाई जाती है छठ पूजा**

उग हे सुरुज देव.. .. गीत, घाटों पर चहल कदमी करती हुई भीड़ और डूबकी लगाते हुए व्रती। छठ पूजा का ये मनोरम दृश्य सात समुंद्र पार अमेरिका में भी देखा जा सकता है। छठ महापर्व की महिमा पूर्वांचल से होते हुए परदेस तक जा पहुंची है। अमेरिका की पोटोमैक नदी पिछले कई सालों से छठ पूजा की साक्षी बन रही है। परदेस में रह रहे पूर्वांचल के लोग अपने इस त्यौहार को उसी देसी उत्साह के साथ मनाते हैं। अमेरिका में बड़ी तादात में उत्तर भारतीय रहते हैं, जो इस पर्व को मनाते हैं। भारतीयों के इस उत्सव में अमेरिका वाले भी शरीक होते हैं। इसके अलावा नेपाली मूल के लोग भी इस पावन उत्सव में अपनी भागीदारी देना नहीं भूलते। अमेरिका में छठ पर्व एक सांस्कृतिक मिलन की तरह भी मनाया जाता है। छठ व्रतियों के लिए नदी किनारे टैंट लगाए जाते हैं और सजावट भी की जाती है।

**हठयोग का रहस्य छिपा है छठ व्रत में**

आचार्य शिवपूजन मिश्र व आचार्य मुरलीधर पाण्डेय ने बताया कि लोक आस्था का महापर्व छठ कई रहस्यों को भी समेटे हुए है। यह पर्व अध्यात्म और योग का मेल भी है। छठ का एक अर्थ हठयोग भी है। छठव्रती चार दिनों तक लगभग बिना अन्न जल ग्रहण किए रहते हैं। पूजा में काफी सावधानी बरती जाती है। हठयोग में अपने आप को कष्ट देकर ईश्वर को प्रसन्न करने की बात आती है। सबसे प्राचीन ग्रंथ ऋगवेद में भी छठ महापर्व का जिक्र आता है। वैदिक काल में ऋषि भोजन से दूर रहकर सूर्य से उर्जा प्राप्त करने के लिए यह व्रत करते थे। छठ महापर्व का महात्म रामायण काल एवं महाभारत काल में भी मिलता है। कहा जाता है कि पांडवों के वनवास के समय द्रौपदी ने भी सूर्य की उपासना की थी। इसके बदले में द्रोपदी को एक अक्षय पात्र प्राप्त हुआ था। द्रौपदी के अलावा अंग राज कर्ण भी छठ महापर्व व्रत करते थे। रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान राम व माता सीता ने भी छठ माता का व्रत किया था।



पुरानी सब्जी मंडी में छठ महापर्व के लिये सामान खरीदते लोग। सामान से सजी स्टॉल।

**मार्कण्डेय पुराण में भी आता है जिक्र**

आचार्य शिवपूजन मिश्र व आचार्य मुरलीधर पाण्डेय ने बताया कि मार्कण्डेय पुराण में भी इस बात का उल्लेख मिलता है कि सृष्टि की अधिष्ठात्री प्रकृति देवी ने अपने आपको छह भागों में विभाजित किया है। इनके छठे अंश को सर्वश्रेष्ठ मातृदेवी के रूप में माना जाता है जो ब्रह्मा की मानस पुत्री और बच्चों की रक्षा करने वाली देवी है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को इन्हीं देवी की पूजा की जाती है। शिशु के जन्म के छह दिनों के बाद भी इन्हीं देवी की पूजा करके बच्चे के स्वास्थ्य, सफल और दीर्घायु की प्रार्थना की जाती है। पुराणों में इन्हीं देवी का नाम कात्यायनी मिलता है, जिनकी नवरात्रों में षष्ठी को पूजा की जाती है।

**कांचही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाये.. ..**

हिसार में रहने वाले पूर्वांचल समाज के परिवारों के आंगन में दीपावली के बाद से ही छठ पर्व के गीत महिमा बा राऊर अपार हे छठी मईया.. .. उ जे कांचही बांस के बहंगिया, बहंगी लचकत जाए.. .. छठी मइया आई ना दुअरिया.., कोपी-कोपी बोले ले सूरज देव.., हाजीपुर के केलवा महंग भइले.., उगी-उगी सूरज देव.., डारी-डारी चहके सुगनवा.., की स्वर लहरियां सुनाई दे रही हैं।

# ऑनलाइन अंकन केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण : बोर्ड अध्यक्ष



**पाठकपक्ष न्यूज**

**भिवानी, 17 नवम्बर :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. वी.पी. यादव ने आज शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई गई सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) पूरक परीक्षा अक्तूबर-2023 की उत्तरपुस्तिकाओं के ऑनलाइन अंकन हेतु बनाए गए जिला भिवानी के अंकन केन्द्र नेशनल कम्प्यूटर ट्रेनिंग सैन्टर का निरीक्षण किया गया। इस केन्द्र पर ऑनलाइन अंकन कार्य से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, जहां अंकन कार्य सुचारू रूप से चल रहा था। उन्होंने बताया कि प्रदेशभर में निर्धारित 14 अंकन केन्द्रों पर परीक्षकों को ऑनलाइन अंकन कार्य की ट्रेनिंग दी गई है। ट्रेनिंग उपरान्त आज प्रदेशभर के सभी अंकन केन्द्रों पर उत्तरपुस्तिकाओं के ऑनलाइन अंकन का कार्य निर्बाध रूप से चला। परीक्षकों को प्रशिक्षण देने उपरान्त ही उत्तरपुस्तिकाओं के ऑनलाइन अंकन का कार्य शुरू करवाया जा रहा है, ताकि उनके समक्ष किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। प्रत्येक परीक्षक द्वारा प्रतिदिन 20 उत्तरपुस्तिकाओं के ही ऑनलाइन अंकन का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में सैकेण्डरी की परीक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं का ऑनलाइन अंकन किया जा रहा है। परीक्षकों को ऑनलाइन कार्य में होने वाली कठिनाईयों के निदान हेतु प्रत्येक अंकन केन्द्र पर शिक्षा बोर्ड की तरफ से दो ट्रेनर-कम-तकनीकी विशेषज्ञों लगाए गए हैं। बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि आज उनके ओ.एस.डी. श्री विपिन कुमार, ह.प्र.से. द्वारा बोर्ड अधिकारियों की टीम के साथ जिला झज्जर व गुरूग्राम के अंकन केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जहां उत्तरपुस्तिकाओं के ऑनलाइन अंकन कार्य सुव्यवस्थित ढंग् से चल रहा था।

# सीए हिसार प्रोफेस की टीम ने जीता दिवाली वीक क्रिकेट मैच



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** दिवाली वीक के उपलक्ष पर सीए हिसार प्रोफेस व ग्लोबल सीए हिसार के बीच स्काई होकस मैदान में क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैत्रीपूर्ण मैच का आयोजन आम आदमी पार्टी के आदमपुर ब्लॉक प्रेजिडेंट सीए सुनील गोदारा के द्वारा आयोजित करवाया व मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। मैच में ग्लोबल सीए हिसार की टीम ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 143 रन बनाए। जिसमें सीए रमाशंकर ने 5 चौके व 5 छक्कों के सहायता से 21 गेंदों में 55 रनो की ताबड़तोड़ पारी खेली। वही जवाब में सीए हिसार प्रोफेस ने 16 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाकर आसानी से लक्ष्य को प्राप्त कर जीत हासिल की। अमन गिरधर ने 43 गेंदों में 82 रन की नाबाद पारी खेल कर मैन ऑफ दा मैच का खिताब जीता। आदमपुर ब्लॉक प्रेसीडेंट सीए सुनील गोदारा ने बताया कि इस तरह के क्रिकेट टूर्नामेंट खेलने से मनुष्य के शरीर से तनाव को कम करने व शारीरिक को पूरी तरह से फिट रखने के लिए इस प्रकार के खेल समय - समय पर होते रहने चाहिए। ताकि मनुष्य का शरीर रोगमुक्त रह सके। इस अवसर पर सीए ललित ग्रोवर, सीए विकास गर्ग, सीए अजीत सिवाच, सीए यतेन्द्र, सीए नवदीप जागड़ा, सीए अमित छाबड़ा, सीए तरुण वलेचा, सीए रोहित मितल, सीए मुकुल मितल, श्रवण गोदारा आदि मौजूद रहे।

# अंत्योदय परिवारों को दी जाएगी नि:शुल्क बस यात्रा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों के लिए हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना शुरू करने की घोषणा की गई है। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के अंतर्गत वार्षिक एक लाख रुपए से कम आय वाले अंत्योदय परिवारों को हरियाणा रोडवेज की बसों में प्रतिवर्ष 1 हजार किलोमीटर तक निःशुल्क यात्रा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ हरियाणा के मूल निवासी को दिया जाएगा।

# यूआईडीएआई ने नि:शुल्क आधार कार्ड अपडेशन की अंतिम तिथि को 14 दिसंबर तक बढ़ाया

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा निशुल्क आधार कार्ड अपडेशन करने की तिथि को बढ़ाकर 14 दिसंबर 2023 कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि आधार कार्ड को ऑनलाइन अपडेट कराने के लिए आधार कार्ड धारक को किसी प्रकार के शुल्क की अदायगी नहीं करनी होगी। जिन व्यक्तियों ने पिछले आठ या दस सालों में आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है, ऐसे व्यक्ति को अपना आधार कार्ड अपडेट करवाने के लिए रिहायशी प्रमाण पत्र और स्वयं का पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। आधार कार्ड धारक माई आधार पोर्टल से आधार ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं। नागरिक इस निःशुल्क सेवा का लाभ उठाते हुए आधार कार्ड अपडेट करवाए और साथ ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए अपने मोबाइल नंबर को भी आधार में अपडेट रखें।

# उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य नवाजेंगे बड़वा के डॉ. सत्यवान सौरभ को पंडित प्रताप नारायण मिश्र राष्ट्रीय युवा साहित्यकार सम्मान 2023 से

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** स्कूल की प्रार्थना सभा में बोलना और रोजाना नोटिस बोर्ड पर काव्य पंक्तियाँ लिखने वाले बच्चे ने आज सालों बाद साहित्यकार बनने का सफर तय कर डाला। साहित्य के काव्य क्षेत्र में योगदान देने वाले भिवानी जिले के गाँव बड़वा निवासी डॉ सत्यवान सौरभ का काव्य विधा में श्रेष्ठ लेखन के लिए पूरे देश से पंडित प्रताप नारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान के लिए चयन हुआ है। हरियाणा के भिवानी जिला के गांव बड़वा के नवोदित साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ को भाऊराव देवरस सेवा न्यास लखनऊ द्वारा पंडित प्रताप नारायण मिश्र स्मृति युवा साहित्य सम्मान- 2023 पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य एवम पर्यावरण मंत्री डॉ अरूण सक्सेना के कर कमलों द्वारा लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु विहार के माधव सभागार में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में डॉ सौरभ को स्मृति चिन्ह, शारदे प्रतिमा, शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं ₹25000 राशि का चेक प्रदान किया जाएगा।

भाऊराव देवरस सेवा न्यास पिछले 29 वर्षों से पं. प्रताप नारायण मिश्र युवा साहित्यकार सम्मान से छह साहित्यकारों को सम्मानित करता आया है। डॉ. सौरभ इनमें हरियाणा के इकलौते साहित्यकार है। न्यास 40 वर्ष तक की आयु वाले साहित्यकारों को उनकी मौलिक रचनाधर्मिता के लिए सम्मानित और पुरस्कृत करता है। इस बार काव्य विधा में हरियाणा के डॉ सत्यवान सौरभ को पुरस्कृत किया जाएगा। हर साहित्यकार को 25 हजार रुपये धनराशि के साथ सरस्वती प्रतिमा, न्यास का बोध चित्र स्वास्तिक और पंडित प्रताप नारायण मिश्र का साहित्य देकर सम्मानित किया जाएगा। न्यास के संयोजक डॉ. विजय कुमार करण ने बताया कि हरियाणा के युवा साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ को यह पुरस्कार उनके दोहा संग्रह 'तितली है खामोश' पर दिया गया है। न्यास के संयुक्त सचिव ने बताया कि प्रतिवर्ष दिए जाने वाले इस पुरस्कार को इस वर्ष देश के युवा साहित्यकारों को दिया जाएगा। डॉ सत्यवान सौरभ वर्तमान में हरियाणा के उभरते साहित्यकारों में से एक है। दैनिक संपादकीय लेखन में ये देश भर में प्रसिद्ध है और आए रोज इनके लेख देश-विदेश के हजारों अखबारों में विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित होते हैं। इनकी अब तक 4 पुस्तकें यादें, कुदरत की पीर, परियों से संवाद, तितली है खामोश सभी हिंदी भाषा में और एक अंग्रेजी भाषा में 'इश्यूज एंड पैन' प्रकाशित हो चुकी हैं। डॉ सत्यवान सौरभ के दोहों और कविताओं की सौरभ देश ही नहीं विदेशों तक फैली है। ईरान, फिजी, सूरीनाम, मारीशस जैसे हिंदी को पसंद करने वाले देशों की पत्रिकाओं में सत्यवान सौरभ के दोहे खूब प्रकाशित किये जाते है। सौरभ के दोहे दो पंक्तियों में होने के प्रभाव से जल्दी याद हो जाते है और मारक क्षमता इतनी की किसी के दिल की बात ही कह दी हो। डॉ सत्यवान सौरभ देश के ऐसे लेखक/कवि है जिनकी पहली पुस्तक मात्र कक्षा दसवीं में पढाई के दौरान यादें नामक काव्य संग्रह के रूप में आई और तब से ये खूबसूरत सफर जारी है और अपनी सौरभ से देश-विदेश को महका रहा है।



**(स्कूल की प्रार्थना सभा में बोलना और रोजाना नोटिस बोर्ड पर काव्य पंक्तियाँ लिखने वाले बच्चे ने आज सालों बाद साहित्यकार बनने का सफर तय कर डाला। हरियाणा के युवा साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ को यह पुरस्कार उनके दोहा संग्रह 'तितली है खामोश' पर दिया गया है। डॉ सत्यवान सौरभ को भाऊराव देवरस सेवा न्यास लखनऊ द्वारा पंडित प्रताप नारायण मिश्र स्मृति युवा साहित्य सम्मान- 2023 का साहित्य पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर डॉ सौरभ को स्मृति चिन्ह, शारदे प्रतिमा, शॉल, प्रशस्ति पत्र एवं ₹25000 राशि का चेक प्रदान किया जाएगा। डॉ सत्यवान सौरभ देश के ऐसे लेखक/कवि है जिनकी पहली पुस्तक मात्र कक्षा दसवीं में पढाई के दौरान यादें नामक काव्य संग्रह के रूप में आई और तब से ये खूबसूरत सफर जारी है और अपनी सौरभ से देश-विदेश को महका रहा है।)**

# सरदानंद राजली की अध्यक्षता में हुई बाडोपट्टी टोल कमेटी कि बैठक

## बाडोपट्टी टोल कमेटी 20 नवम्बर टोल के गांवों में चलाएगी जनसम्पर्क अभियान

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** बाडोपट्टी टोल कमेटी कि मीटिंग बाडोपट्टी टोल पर टोल कमेटी के अध्यक्ष सरदानन्द राजली की अध्यक्षता में हुई। संयुक्त किसान मोर्चा,बाडोपट्टी टोल कि मीटिंग में फैसला हुआ कि किसान आंदोलन के लंबित मुद्दों के समाधान के लिए 26 से 28 नवंबर राजभवन पड़ाव, चंडीगढ़ की तैयारी के लिए बाडोपट्टी टोल कमेटी 20 नवम्बर सें बाडोपट्टी टोल के गांव गांव जाकर मीटिंग करके ज्यादा से ज्यादा संख्यां में अपने ट्रैक्टर ट्रालियां लेकर चंडीगढ़ पहुचेंगे। हर गांव से दो-दो ट्रैक्टर लेकर किसान-मजदूर हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ में 72 घंटे का पड़ाव 26- 27- 28 नवंबर को डालने के लिए चलेंगे। इस मीटिंग में संयुक्त मोर्चा हिसार से शमशेर नम्बरदार रणबीर मलिक, कृष्ण पाली, सुबेसिंह बूरा पहुंचे। टोल कमेटी की तरफ से राजूभगत सरसौद, सत्वान खेदड़, ईश्वर वर्मा, बलिया, धोला जेवरा, नरेश भ्याण, रोहतास राजली, रामकेश नैन, सितेंद्र सहारण, दयानन्द ढुकिया, सुजान सोथा, उमेद छान, सत्यवान गुराना, धर्मपाल बागड़ी, निहाल सिंह सरपंच, राजा मैम्बर, जगदीश हसनगढ़, ऋषिकेश राजली, अंग्रेज बूरा, बलजीत सिहाग, रामफल, शेरसिंह पंघाल, जुगबीर, लीला जट्ट, राममेहर चहल, बसाऊ, सोनू चहल, धर्मबीर, ईश्वर ग्रेवाल, सत्यवान खरकपुनिया, ओम पाबड़ा, ओमप्रकाश, कृष्ण पाली, उमेद छान, चंद्र, सतीश, महासिंह, सतबीर क्रांतिकारी, राकेश, सतबीर दहन, चंद्रभान, उमेद, रामकुमार पुनिया, बंशीलाल, कौर सिंह, सुरेंद्र आदि शामिल रहे।



# पुरुष संवेदनशीलता के बिना महिला सशक्तिकरण अधूरा



**यह कहना कि केवल महिलाएं ही इस मानसिकता की शिकार हैं, आधा सच होगा। हाल के दिनों में, पुरुषों पर पितृसत्ता के प्रभाव के संबंध में अधिक जागरूकता उत्पन्न हुई है, विशेष रूप से अनुचित मांग को देखते हुए जिसे उन्हें पूरा करना होता है। प्राचीन काल से, हमारी अधिकांश कहानियाँ एक मजबूत और गुणी व्यक्ति के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं, जो दुनिया पर शासन करने के योग्य है और उसे बिना आंसू बहाए इसके लिए लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसी कहानियों ने मनुष्य पर मर्दानगी के बहुत ऊँचे, फिर भी बहुत जहरीले मानक स्थापित कर दिए हैं। बहुत छोटी उम्र से, ये अप्राकृतिक अपेक्षाएं और नायक परिसर एक प्रभावशाली बच्चे के मनोविज्ञान को आकार देना शुरू कर देते हैं, वे जिस भी क्षेत्र में प्रवेश करते हैं, उसमें उन्हें अग्रणी बनना होता है। उन्हें केवल मर्दाना भावनाओं, शक्ति, क्रोध, जुनून को महसूस करने की अनुमति है और प्यार, करुणा, पोषण आदि जैसी स्त्री भावनाओं को जगह नहीं देनी चाहिए।**

**-पाठकपक्ष डेस्क-**

मान लीजिए कि किसी पिछली सदी का कोई व्यक्ति आज हमारे समय में आता है। जब वे महिलाओं को विमान, कार, बस आदि चलाते हुए देखेंगे तो उन्हें कैसा झटका लगेगा। उनकी भ्रम की स्थिति की कल्पना करें जब उन्हें पता चलता है कि भारत में एक तिहाई गांवों का नेतृत्व महिला सरपंचों द्वारा किया जाता है, जबकि पुरुष घर पर बूढ़े माता-पिता या अन्य घरेलू कामों की देखभाल कर सकते हैं। आज हमारे लिए यह सब रोजमर्रा की बात लग सकती है, लेकिन किसी ऐसे व्यक्ति के लिए जिसके पास लिंग-आधारित बहुत कठोर और सख्त विचार हैं, लिंग-आधारित मानदंडों में रहते हैं और विश्वास करते हैं और समाज को पितृसत्ता के चश्मे से देखते हैं, महिलाओं को अपनी शादियों में दखल देने और अन्य लिंगों के प्रति बढ़ती स्वीकार्यता से उनको अधिक झटका लगेगा।

लैंगिक भूमिकाएँ और अपेक्षाएँ सदियों से समाज में व्याप्त हैं। लड़कियों से आज्ञाकारी, विनम्र और पोषण करने वाली होने की उम्मीद की जाती है, जबकि लड़कों से मजबूत, दृढ़ और प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद की जाती है। ये अपेक्षाएं अक्सर प्रतिबंधों और मांगों के साथ आती हैं जो दोनों लिंगों के लिए समान रूप से हानिकारक हो सकती हैं। समस्या केवल यह नहीं है कि पितृसत्ता और लिंग-आधारित अलगाव आज भी बहुत प्रचलित है, बल्कि मुद्दा यह भी है कि यह जानने के बावजूद यह लगातार फल-फूल रहा है। यदि यह एक महिला को अनुचित और अतार्किक प्रतिबंधों से विकलांग बनाता है, तो यह पुरुष को अत्यधिक और अप्राकृतिक अपेक्षाओं से विकलांग बनाता है।

आज भी लड़कियों को परिवार में आर्थिक और सामाजिक बोझ के रूप में देखा जाता है। एक कारण के रूप में, एक युवा लड़की के सपनों को अक्सर छोटा कर दिया जाता है, और उसे कम उम्र में ही दूसरे परिवार पर बोझ के रूप में निपटा दिया जाता है। यह सिर्फ विकासशील या गरीब देशों की घटना नहीं है, बल्कि अच्छे मानव सूचकांक वाले विकसित देशों में भी बाल विवाह में वृद्धि देखी जा रही है। जब एक युवा लड़की, जिसके पास बच्चों को जन्म देने और घरेलू काम करने के अलावा जीवन में कोई संभावना नहीं होती, की शादी एक परिवार में कर दी जाती है, तो वहां भी उसे बोझ के रूप में या सबसे खराब स्थिति में पति की संपत्ति के रूप में देखा जाता है। ऐसे मामलों में, जिन महिलाओं के पास किसी भी आर्थिक एजेंसी का अभाव होता है। वे घरेलू हिंसा, दुर्व्यवहार, वैवाहिक बलात्कार, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों आदि का शिकार बन जाती हैं। महिलाओं की भूमिका को व्यवस्थित रूप से घर की चार दीवारों तक सीमित कर दिया गया है और समाज में उनकी जो भी भूमिका हो सकती थी, उसे विनम्रता के नाम पर छीन लिया गया है। महिलाओं की शिक्षा रोक दी गई है और उन्हें अच्छे धार्मिक प्रथाओं के नाम पर दासता का जीवन जीने के लिए मजबूर किया जाता है। पितृसत्ता का सार हमारे दिमाग में इस तरह अंतर्निहित हो गया है कि हमें अक्सर इसका एहसास भी नहीं होता है कि हम इसे कब और कैसे व्यवहार में लाते हैं।

प्रतिबंधों का लड़कियों के आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास पर हानिकारक प्रभाव पड़ सकता है। जब लड़कियों को लगातार बताया जाता है कि वे क्या नहीं कर सकती हैं या उन्हें क्या नहीं करना चाहिए, तो वे यह मानने लगती हैं कि वे अपने लक्ष्य हासिल करने में सक्षम नहीं हैं। इससे महत्वाकांक्षा की कमी और जोखिम लेने का डर पैदा हो सकता है। वह एक अलग कैरियर मार्ग चुन सकती है जिसके बारे में वह भावुक नहीं है। इसके अलावा, लड़कियों पर लगाए गए प्रतिबंध उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डाल सकते हैं। वे अपने ऊपर लगाई गई अपेक्षाओं के कारण फंसा हुआ और घुटन महसूस कर सकते हैं, जिससे चिंता और अवसाद हो सकता है। उदाहरण के लिए, जिस लड़की को लगातार विनम्र रहने और ध्यान आकर्षित करने से बचने के लिए कहा जाता है, वह अपने शरीर को लेकर शर्म महसूस कर सकती है और शारीरिक छवि के मुद्दों से जूझ सकती है। पुरुषों में 29.3त्न की तुलना में महिलाओं में न्यूरोसाइकियाट्रिक विकारों से होने वाली विकलांगता में अवसादग्रस्त विकारों का योगदान 41.9त्न के करीब है। ज्यादातर महिलाएं अकेले यात्रा करने या रात में बाहर जाने को लेकर संशय में होंगी। भले ही यह उन्हें निर्भया को हुए नुकसान से नहीं बचाएगा, फिर भी, उन्हें किसी ज्ञात व्यक्ति की संगति में सुरक्षा की मनोवैज्ञानिक भावना मिलेगी।

लेकिन यह कहना कि केवल महिलाएं ही इस मानसिकता की शिकार हैं, आधा सच होगा। हाल के दिनों में, पुरुषों पर पितृसत्ता के प्रभाव के संबंध में अधिक जागरूकता उत्पन्न हुई है, विशेष रूप से अनुचित मांग को देखते हुए जिसे उन्हें पूरा करना होता है। प्राचीन काल से, हमारी अधिकांश कहानियाँ एक मजबूत और गुणी व्यक्ति के इर्द-गिर्द केंद्रित हैं, जो दुनिया पर शासन करने के योग्य है और उसे बिना आंसू बहाए इसके लिए लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए। ऐसी कहानियों ने मनुष्य पर मर्दानगी के बहुत ऊँचे, फिर भी बहुत जहरीले मानक स्थापित कर दिए हैं। बहुत छोटी उम्र से, ये अप्राकृतिक अपेक्षाएं और नायक परिसर एक प्रभावशाली बच्चे के मनोविज्ञान को आकार देना शुरू कर देते हैं, वे जिस भी क्षेत्र में प्रवेश करते हैं, उसमें उन्हें अग्रणी बनना होता है। उन्हें केवल मर्दाना भावनाओं, शक्ति, क्रोध, जुनून को महसूस करने की अनुमति है और प्यार, करुणा, पोषण आदि जैसी स्त्री भावनाओं को जगह नहीं देनी चाहिए। इससे उनके दिमाग में संज्ञानात्मक असंगति और संघर्ष पैदा होता है क्योंकि जो कुछ भी होता है उसमें बेमेल प्रतीत होता है। वे महसूस करते हैं और समाज उनसे क्या महसूस करने की अपेक्षा करता है। उन पर जो दबाव डाला जाता है वह आम तौर पर उनके भावनात्मक विकास और संज्ञानात्मक कल्याण को रोक देता है। अंत में अच्छे लोगों को अवसाद, चिंता आदि जैसे मुद्दों का सामना करना पड़ता है और कमजोर नैतिक क्षमता वाले लोग सामूहिक बलात्कार, घरेलू हिंसा, हत्या आदि जैसे अपराध करते हैं। जिन लड़कों को मजबूत और दृढ़ रहना सिखाया जाता है, उन्हें ऐसा महसूस हो सकता है कि उन्हें इन व्यवहारों के माध्यम से अपनी मर्दानगी साबित करने की ज़रूरत है, जिससे हिंसा और दुर्व्यवहार की संस्कृति पैदा होगी।

अब समय आ गया है कि हम यह समझें कि जब प्रकृति मनुष्यों को क्षमताएं प्रदान करने का निर्णय लेती है तो वह बहुत अधिक उदार होती है। प्रजनन की क्षमता के अलावा प्रकृति लिंग के आधार पर भी भेदभाव नहीं करती। आज हम एक ऐसे समाज में रहते हैं जहां हमें अपनी इच्छानुसार जीवन जीने और कृत्रिम मानक और बाधाएं बनाने की स्वतंत्रता है, जिसका अर्थ है ज्वार के प्राकृतिक प्रवाह के विपरीत चलना। आज हम उस भूमिका को पहचानते हैं जो महिलाएं आर्थिक विकास में निभा सकती हैं और साथ ही वह भूमिका जो पुरुष परिवार के पोषण में निभा सकते हैं। हम अन्य लिंगों को वैवाहिक और वैवाहिक अधिकार देकर समाज में क्रांति लाने की कगार पर हैं। हमें अपनी महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ-साथ अपने पुरुषों को संवेदनशील बनाने से शुरुआत करनी चाहिए। लिंग-तटस्थ टिप्पणियों को बदलना, वेतन समानता, पितृत्व अवकाश आदि जैसे छोटे बदलाव कई स्थानों पर लागू किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया के उदय के साथ, किसी के रोल मॉडल को उसकी उपलब्धियों के आधार पर ढूंढना आसान हो गया है, न कि लिंग के आधार पर। महिलाएं आज लगभग हर क्षेत्र में अधिक जिम्मेदार पदों पर आसीन हो रही हैं। कानूनी स्तर पर भी हमें और अधिक प्रयास करने की जरूरत है। हमें महिलाओं के लिए नहीं बल्कि लड़कों के हितों की रक्षा के लिए भी लिंग तटस्थ कानूनों की आवश्यकता है। साथ ही, हमें स्वस्थ यौन शिक्षा और विभिन्न लोगों के बीच खुला संचार विकसित करने का प्रयास करना चाहिए।



-प्रियंका 'सौरभ'

# स्केटिंग में छाए सिद्धार्थ के खिलाड़ी



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा 24 अक्टूबर 2023 को स्केटिंग प्रतियोगिता का आयोजन डी.पी.एस. स्कूल, हिसार में किया गया, जिसमें सिद्धार्थ इंटरनेशनल स्कूल के स्केटिंग खिलाड़ियों ने भाग लिया। जेनिथ (कक्षा तीन) और रिचा (कक्षा 10) ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीते। कक्षा 9 के स्वास्तिक ने इसी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक प्राप्त किया। सिद्धार्थ प्रबंधन समिति द्वारा सभी विजेताओं को बधाई दी गई। मैनेजिंग डायरेक्टर श्री अजय सिंह व प्रधानाचार्या श्रीमती पुष्पा सिहाग ने सभी विजयी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

# मोक्ष वृद्धाश्रम ने पानीपत की महिला को परिजनों से मिलवाया

## स्वजनों से मिलकर प्रसन्नचित दिखाई दी मोक्ष वृद्धाश्रम में रह रही सोनिया




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** बुजुर्गों की सेवा, संभाल व समुचित इलाज में मिसाल कायम करने वाले मोक्ष वृद्धाश्रम ने महिला आश्रम में रह रही पानीपत की सोनिया को उसके परिजनों से मिलवाने में अहम् भूमिका निभाई है। बेसहारा, घर से भटके हुए या अवसाद ग्रस्त बुजुर्गों की निशुल्क समुचित देखभाल करने वाले मोक्ष वृद्धाश्रम एवं मंदबुद्धि महिला आश्रम में रहने वाले बुजुर्गों व महिलाओं को उनके अभिभावकों से मिलवाने के लिए मोक्ष के पदाधिकारी व सदस्यगण प्रयासरत रहते हैं। इसी प्रयास के तहत सोनिया को उसके स्वजनों से मिलवाकर अतुलनीय कार्य किया गया। मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक समाजसेवी पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु ने बताया कि मोक्ष के माध्यम से अब तक 19 लोगों को उनके परिजनों तक सकुशल पहुंचाया जा चुका है। सोनिया अपने स्वजनों से मिलकर काफी प्रसन्नचित दिखाई दी। उन्होंने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम का उद्देश्य बुजुर्गों व लाचार लोगों की सेवा के साथ-साथ उन्हें अपने परिवार से जोड़े रखना भी है। इसलिए भटके हुए बुजुर्गों के परिजनों को पुलिस व अन्य साधनों के माध्यम से खोजने का प्रयास हमेशा जारी रहता है। उन्होंने बताया कि मोक्ष वृद्धाश्रम की शाखा मंदबुद्धि महिला आश्रम में मंदबुद्धि महिलाओं की संख्या बढ़ाने पर जोर नहीं दिया जाता बल्कि उनका समुचित इलाज करवाकर उन्हें वापस परिवार में समायोजित करने का प्रयास किया जाता है। इस तरह के कार्यों के लिए मोक्ष वृद्धाश्रम पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# आचार्य सुफल विश्व शान्ति गायत्री मिशन के ऑल इण्डिया चेयरमैन बने



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 17 नवम्बर :** हांसी शहर के जाने पहचाने, जन - जन के प्रिय, राष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता आचार्य सुफल (हांसी) को विश्व शान्ति गायत्री मिशन (ट्रस्ट) रजि. का सर्वसम्मति से ऑल इण्डिया चेयरमैन बनाया गया है। आचार्य सुफल ने विचार विमर्श एवं गहन चिन्तन मनन करके भारत के अनेक राज्यों सहित विभिन्न पदाधिकारी डॉ. जगदीश आचार्य किशनगढ़ चण्डीगढ़ को मार्ग दर्शक, राजेन्द्र कुमार वर्मा हिमाचल प्रदेश को आल इण्डिया वाइस चेयरमैन, रामबोध सकेतड़ी पंचकूला हरियाणा को जूनियर वाइस चेयरमैन, आचार्या वन्दना शास्त्री (हांसी) हरियाणा को जनरल सैकेट्री, नरेश कुमार विद्यालंकार पंजाब यूनिवर्सिटी चण्डीगढ़ को वाइस जनरल सैकेट्री, राकेश कुमार एडवोकेट हांसी हरियाणा को कोषाध्यक्ष एवं रघुनाथ सिंह जुम्बवाल ग्राफिक्स खरड़ पंजाब को सर्वसम्मति से ट्रस्ट्री नियुक्त किया है। ऑल इण्डिया मैनेजमेंट के विस्तार का अधिकार आचार्य सुफल को सर्वसम्मति से प्रदान किया है, जो समय-समय पर कार्यकरिणी का विस्तार कर सकेंगे।

# लुवास गैर शिक्षक कर्मचारी संघ की आम सभा 21 नवम्बर को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्विद्यालय (लुवास) में ग़ैर शिक्षक कर्मचारी संघ की बैठक ग़ैर शिक्षक कर्मचारी संघ के कार्यालय में प्रधान श्री तरुण तनेजा की अध्यक्षता में हुई । संघ के महासचिव परदीप लांबा ने बताया की कार्यकारिणी में 2 वर्ष के कार्यकाल पर समीक्षा की गई और सभी सदस्यों ने इस कार्यकाल के दौरान कार्यकारिणी द्वारा किए गये कार्यों पर गहरा संतोष व्यक्त किया। समस्त सदस्यों ने ध्वनिमत से द्विवार्षिक चुनाव अपने सही समय पर करवाने का सर्वसम्मिति से निर्णय लिया। द्विवार्षिक चुनाव के लिए सदस्यता अभियान 02.12.2023 तक चलाया जायेगा और चुनाव में वो ही कर्मचारी भाग ले सकेंगे जो संघ के सदस्य होंगे। वर्तमान कार्यकारिणी समय पर चुनाव करवाने के लिए प्रतिबद्ध है तथा दिनांक 21.11.2023 को 3:00 बजे आम सभा वेटिनरी सभागार में बुलाने का निर्णय लिया गया जिसमे गत दो वर्षों का लेखा जोखा, निष्पक्षता पूर्वक चुनाव करवाने कि लिए मुख्य चुनाव अधिकारी एवं अन्य चुनाव प्रक्रिया से संबंधित नियुक्तियाँ घोषित की जाएगी।

# फिर चमका एक और सितारा सोफिया के आसमान पर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** कुरुक्षेत्र में चल रही पांचवी अंडर-11 राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में हिसार के खिलाड़ियों ने 15 पदक जीते जिसमें सेंट सोफिया स्कूल की चौथी कक्षा की मणिकर्णिका ने 32 किलोग्राम में रजत पदक जीत कर स्कूल का नाम रोशन किया। पदक जीतने पर मुख्य अतिथि और वहां के कोच ने मणिकर्णिका को सम्मानित करते हुए भविष्य में इसी तरह से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती वर्षा राणा ने मणिकर्णिका को अपने नाम को सार्थक करते हुए उसकी प्रशंसा की और आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और बताया कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी हिसार जिला ओवरआल चैंपियन बनने की ओर अग्रसर है।

# हरियाणा में अजीत राहर के साथ एक अनभूति 30-दिनों की यात्रा का समापन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** 'देखो म्हारा प्रदेश हरियाणा टूर' के पीछे विचारशील खोजी अजीत राहर के द्वारा सभी हरियाणा के जिलों में एक असाधारण 30-दिनों के सफर का शानदार समापन करने की तैयारी है। यह अनोखा टूर इस जीवंत क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और विविध पक्वानों की खूबसूरत वातावरण का एक श्रृंगार है। इस गहरे यात्रा के दौरान, अजीत राहर ने अपने जीवन साथी, आशा राहर के साथ, हरियाणा के समस्त समुदायों के साथ दिल से मिलकर मान-सम्मान की एक अद्वितीय मिलनसार अवसर का अनुभव किया। इन संवादों ने हरियाणा के सांस्कृतिक तत्वों की सार्वभौमिकता को अंगीकार करने और अर्थपूर्ण संबंधों को प्रोत्साहित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह टूर राज्य के प्रमुख व्यक्तियों से सराहना और प्रशंसा प्राप्त कर चुका है, जैसे कि हरियाणा के गृह मंत्री, श्री अनिल विज, ने इस पहल की प्रशंसा की है, क्योंकि इसने राज्य की बहुमुखी विरासत और आकर्षणों को प्रस्तुत करने में समर्थन दिया। इस दिव्य यात्रा का समापन आज सायं पीएलए मार्केट इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप पर निर्धारित है। पूरी यात्रा को दोहराने के लिए, अजीत राहर व्लॉग्स ने इस साहसिक सफर के हर रोमांचक क्षण को संवेदनशीलता से दर्ज किया है। समापन समारोह के दौरान अजीत राहर साक्षात्कार और जानकारी साझा करने के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# एसडीएम मोहित महराणा ने फसल अवशेष जलाने की घटनाओं की रोकथाम को लेकर किया कई गांवों के खेतों का दौरा

## ढाणा गांव के खेतों में फसल अवशेषों में लगी आग को बुझवा कर संबंधित किसानों के खिलाफ उचित कानूनन कार्यवाही करने के दिए निर्देश



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 17 नवम्बर :** फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने के उद्देश्य को लेकर एसडीएम मोहित महराणा ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को साथ लेकर उपमंडल के कई गांवों के खेतों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ढाणा गांव के खेतों में दो जगह फसल अवशेषों में लगी आग को अधिकारियों के सहयोग से बुझवाया और कृषि विभाग के अधिकारियों को संबंधित किसानों के खिलाफ उचित कानूनन कारवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने इस दौरान कहा कि सरकार द्वारा फसल अवशेष जलने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। इन घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सरकार द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। अगर कोई किसान फसल अवशेष जलता है तो उसके खिलाफ कानून कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा की फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण में प्रदूषण फैलता है और भूमि की उर्वरा शक्ति व फसल उत्पादन पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इसलिए किसान फसल अवशेषों को नहीं जलाएं। उन्होंने कहा कि फसल अवशेषों उपयोग पशु चारे के रूप में करें। राज्य सरकार द्वारा अनेक ऐसी योजनाएं लागू की है जिनका लाभ उठाकर किसान फसल अवशेषों को आय का अतिरिक्त साधन बन सकते हैं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से खेतों का निरीक्षण द्वारा दौरा करते रहें ताकि कोई भी किसान फसल अवशेष नहीं जला सके। किसानों को फसल अवशेष जलाने से पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे भी जागरूक करें ताकि भविष्य में फसल अवशेष जलाने की एक भी घटना नहीं घटे।

# गोपाष्टमी पर 20 नवंबर को प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में हवन, विशेष पूजा व भंडारा लगेगा




**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में समय-समय पर विशेष पूजा, हवन व भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में कार्तिक शुक्ल पक्ष की सप्तमी व अष्टमी के अवसर पर 20 नवंबर को गोपाष्टमी मनाई जाएगी। 20 नवंबर को प्रातः हवन व विशेष पूजा की जाएगी और इसके उपरांत अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। गोपाष्टमी पर प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर में दूर-दराज के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुगण पहुंचेंगे। मां चण्डके देवी सेवा समिति के प्रधान जगदीश तायल, महंत आनंद शास्त्री, सुनील नारंग व बिजेंद्र किनाला ने बताया कि गांव पाबड़ा में स्थापित मां चण्डके देवी प्राचीन मंदिर की काफी मान्यता है। यहां पर हरियाणा के अलावा अन्य राज्यों से भी समय-समय पर भक्तगण पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि प्राचीन मां चण्डके देवी मंदिर गांव पाबड़ा के प्राकृतिक वातावरण में बना हुआ है। बड़े ही मनोरम तालाब के किनारे स्थित मां चण्डके देवी मंदिर में मां अन्नपूर्णा, श्री लक्ष्मी-नारायण, श्री राधा-कृष्ण, मां सरस्वती, संतोषी माता, शनिदेव एवं शिव-पार्वती सहित कई देवी-देवताओं के मंदिर बनाए गए हैं।

# यदुवंशी शिक्षा निकेतन ओवरऑल चैंपियन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 17 नवम्बर :** गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाल भवन हिसार में 15 दिनों तक चलने वाले प्रतियोगिता में बाल दिवस के उपलक्ष्य में अनन्य विधाओं का आयोजन किया गया, जिसमें यदुवंशी शिक्षा निकेतन हांसी के बच्चों ने विभिन्न विधाओं में बेहतरीन प्रस्तुति देते हुए कई पुरस्कार प्राप्त किए 14 नवंबर (बाल दिवस) के दिन सभी विजेताओं को विशिष्ट अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया, जिसमें यदुवंशी शिक्षा निकेतन हांसी को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में यदुवंशी हांसी के प्रतियोगियों ने 80 पुरस्कार प्राप्त किए जिसमें 50 प्रथम पुरस्कार शामिल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री सुनील कुमार ने संबंधित कला प्रभारी श्री प्रशांत कुमार, श्री रेयांश बत्रा, श्री निशांत कुमार, श्री विशाल, सुश्री मनीषा को शुभकामनाएं दी। इस अविस्मरणीय अवसर पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन श्री राव बहादुर ने विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई दी और भविष्य में हर क्षेत्र में अव्वल रहने के लिए स्नेहिल आशीर्वाद दिया।

## राजकीय हाई स्कूल, बुडाना (हिसार)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय हाई स्कूल बुडाना (1270) नारनौंद में 21.11.2023 को दस 10 कमरों व उनके बरामदों को खुली बोली करवाई जाएगी। इस बोली में भाग लेने वाले भागीदारों को सिक्योरिटी के रूप में पचास हजार (50000/-) रुपए जमा करवाने होंगे।

हैडमास्टर,
राजकीय हाई स्कूल,
बुडाना (हिसार)



LLOYD Whirlpool VOLTAS
IFB orient HITACHI Inspire the Next Haier
0% Interest बिना ब्याज के
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
सबसे आकर्षक Rate !
सबसे आकर्षक Offers !
SINGLA ELECTRONICS
BETWEEN PARIJAT CHOWK AND NAGORI GATE, HISAR
M.: 94666-83396, 98136-62313



अब बर्तन
चाँदी से चमके

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
92156-88573

WORK FROM PHONE
Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :
7027924000

मोटापा कम करने की सर्जरी बैरियेट्रिक्स सर्जरी व हर तरह की लैपरोस्कॉपिक, यूरोलॉजी व ओपन सर्जरी की सुविधा

डा. यशपाल सिंगला
पूर्व सीनियर सर्जन, जिंदल अस्पताल, हिसार
MS, FMAS, FALS
Fellow Max Hospital Delhi and CODS Mumbai
हरियाणा में सबसे अधिक सफल बैरियेट्रिक सर्जरी (वजन कम करने की सर्जरी) के अनुभवी सर्जन (हरियाणा के पहले)
20 साल से भी अधिक सर्जरी का अनुभव
- एडवांस लेपरोस्कोपिक (दूरबीन द्वारा एक छोटे कट से) सर्जरी (Single Inclsion Laproscopic Surgery - SILS) • पित की थैली की पत्थरी (LAP CHOLE) • हर्निया • बच्चेदानी की रसौल (TLH, LAVH, NDVH) • अपेन्डिक्स
- गुर्दा, गदूद व पत्थरी रोग से संबंधित दूरबीन सर्जरी • गुर्दे की पत्थरी (PCNL) • नलकी की पत्थरी (URS) • थैली की पत्थरी (CLP) • बढ़े हुए गदूद (TURP)
- खाधनली व आंत रोग संबंधित सभी प्रकार के आप्रेशन
- Lung, Spleen, Liver & Pancreas से संबंधित आप्रेशन
- कैंसर की सर्जरी
- सभी प्रकार की एमरजैंसी व टामा सर्जरी (Laprotomy)
- टांगों की नसों की सर्जरी
- बवासीर का आप्रेशन

हरियाणा सरकार, आयुष्मान भारत, ESI, ECHS व सभी प्रमुख TPA के पैनल पर
डा. कमल किशोर
गीतांजलि मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, मॉडल टाउन हिसार
99961-83042, 250522, 245533

# धान उत्पादक किसानों को बेवजह परेशान करने में लगी है प्रदेश सरकार : कुमारी सैलजा

## देरी से शुरू की खरीद, दीवाली पर रही मंडिया बंद, 15 नवंबर से कर दी समर्थन मूल्य पर खरीद बंद



**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 17 नवम्बर :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने धान की खरीद 25 अक्टूबर को शुरू करने की घोषणा की पर 10 दिन लेट शुरू करके किसानों को परेशान करने का काम किया। अनाज मंडियों में समर्थन मूल्य 2203 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीद का सरकार की ओर से घोषित 15 नवंबर को धान की खरीद बंद कर दी गई जबकि फसल अभी तक भी खेतों में खड़ी है। इस बार धान का सीजन लंबा चल रहा है तो खरीद का सीजन भी लंबा होना चाहिए। किसानों को पहले ही समर्थन मूल्य पूरा नहीं मिल रहा और समर्थन मूल्य पर खरीद बंद हो गई तो और नुकसान होगा, इसलिए 30 नवंबर तक खरीद का समय सरकार की ओर से बढ़ाया जाना चाहिए ताकि किसानों को आर्थिक नुकसान न हो। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि मौसम के लिहाज से इस बार धान की आवक निर्धारित समय से पहले ही मंडियों में शुरू हो गई थी, मंडियों में धान लबालब भर गया था। इसके बाद 05 नवंबर को धान की खरीद शुरू की गई। इस दौरान सरकार ने पुख्ता इंतजाम भी नहीं किए जिसके चलते कई खरीद एजेंसी बहुत कम मात्रा में धान की खरीद कर पाई । सरकार की नीति से परेशान किसानों ने यह मुद्दा भी उठाया लेकिन इस पर सरकार ने कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं की। समर्थन मूल्य पर धान की खरीद का निर्धारित समय 15 नवंबर तय किया गया है पर इस दौरान भी धान की आवक तेज है सरकार की मंशा है कि किसानों को परेशान किया जाए और औने-पौने दामों में प्राइवेट एजेंसियां धान की खरीद कर सके। दीपावली के अवसर पर सिरसा में किसानों को बोनस की बजाय धान की खरीद को 05 दिन के लिए बंद कर दिया गया जिसका किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। प्रदेश सरकार ने धान की खरीद के लिए समय तो निश्चित कर दिया लेकिन इस दौरान भी सुचारू रूप से धान की खरीद नहीं करके किसानों को प्रताड़ित करने का काम किया है। उन्होंने कहा है कि जिस समय धान की रोपाई की गई थी तब हरियाणा के कई जिले घग्घर नदी की बाढ़ की चपेट में आ गए थे और फसलें डूब कर नष्ट हो गई थी। बाद में किसानों ने परमल धान की लेट वैरायटी पीआर-126 की रौपाई की थी जिसकी फसल अभी भी खेतों में खड़ी है जबकि सरकार 15 नवंबर को समर्थन मूल्य पर धान की खरीद बंद कर चुकी है। उन्होंने कहा है कि समर्थन मूल्य पर धान की खरीद बंद होने से प्राइवेट एजेंसी धान खासकर परमल की खरीद में मनमानी करेंगे। किसान पहले ही बाढ़ की विभीषिका कर मार झेल चुका है अब उस पर धान के मूल्य को लेकर दोहरी मार पड़ सकती है। अगर सरकार वाकई किसान हितेषी है तो उसे समर्थन मूल्य पर धान की खरीद 30 नवंबर तक जरूर करनी चाहिए ऐसा कर सरकार किसानों के जख्मों पर मलहम लगा सकती है।

# श्री वैष्णव अग्रसैन गौशाला अग्रोहा में 27वां गौपाष्टमी गौपूजन समारोह 20 को

## गौपाष्टमी पर्व पर सांसद दीपेन्द्र सिंह हुड्डा होंगे मुख्य अतिथि

### पुष्पा काम्पलैक्स, ग्रोवर मार्किट व लाहौरिया चौक से उपलब्ध रहेगी निशुल्क बस सेवा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** श्री वैष्णव अग्रसैन गौशाला अग्रोहा के प्रधान श्री राजेन्द्र केडिया ने बताया कि श्री वैष्णव अग्रसैन गौशाला अग्रोहा के तत्वाधान में हर साल की तरह इस साल भी 27वां गौपाष्टमी गौपूजन समारोह 20 नवम्बर 2023 दिन सोमवार को बडी श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। जिसमें सुबह 8.30 बजे हवन व यज्ञ किया जाएगा । गौपूजन सुबह 9.15 बजे शुरु होगा । सुबह 10.00 बजे नवरंग नाट्य मंच, दिल्ली की ओर से भजन भक्तिमय कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। प्रातः 12.30 बजे प्रसाद व भण्डारे की व्यवस्था की गई है।

गौपाष्टमी पर्व पर श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा (सांसद राज्य सभा, हरियाणा) बतौर मुख्य अतिथि गौशाला प्रांगण मे पधार रहे हैं। गौपाष्टमी पर्व डॉ. सुशील गुप्ता (सांसद राज्य सभा, दिल्ली) की अध्यक्षता तथा श्रीमती सावित्री जिंदल (पूर्व मंत्री, हरियाणा सरकार) के सानिध्य मे मनाया जा रहा है। इनके अलावा भी बहुत से गणमान्य सज्जन इस महोत्सव पर गौशाला प्रांगन मे पधार रहे हैं

हमारे ग्रन्थों के अनुसार गौपाष्टमी के दिन गौशाला में जाकर गौपूजन से सुख, समृद्धि, का संचार होता है तथा सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। गौपाष्टमी पर्व पर हमारे धर्म ग्रन्थो के अनुसार अगर 1 या 7 गायों की परिक्रमा भी की जाए तो हमें सुख, समृद्धि, धन धान्य, संस्कारी संतान तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है। फिर 2100 गायों की परिक्रमा का पुण्य तो सैंकडो गुना हो जाता है। श्री वैष्णव अग्रसैन गौशाला, अग्रोहा मे 2100 गायों की कल्याणकारी पक्की परिक्रमा बनाई गई है जिसे पैदल चलकर 10 मिनट मे पूरा किया जा सकता है। गौशाला के प्रधान श्री राजेन्द्र केडिया कहा कि गौपाष्टमी के पावन अवसर पर अपने सभी पदाधिकारियों व ट्रस्टीयों की तरफसे सभी गौभक्तों को गौशाला में आमंत्रित करते हुए मुझे बडा हर्ष हो रहा है।

गौशाला, अग्रोहा मे आने जाने के लिए बसों की निशुल्क व्यवस्था की गई है जो सुबह 9.00 बजे से पुष्पा काम्पलैक्स, ग्रोवर मार्किट व लाहौरिया चौक से उपलब्ध रहेंगी।

# मदद संस्था ने की नशे की लत से पीड़ित युवक की मदद, पुलिस प्रशासन ले रहा झूठी वाहवाही : संजीव भोजराज

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** पुलिस प्रशासन नशा मुक्ति अभियान के नाम झूठी वाहवाही लूटने का प्रयास कर रही है। मदद संस्था के अध्यक्ष संजीव भोजराज ने बताया कि एडीजीपी ने नशा मुक्ति को लेकर अभियान चला रखा है जो कि सराहनीय है लेकिन 'नशा मुक्ति अभियान' को लेकर पुलिस प्रशासन गंभीरता से न लेकर सिर्फ अपने झूठे प्रचार में लगा हुआ है। संजीव भोजराज ने हिसार की एक घटना का विवरण बताते हुए कहा कि हिसार के एडीजीपी श्रीकांत जाधव ने बहुत ही झूठी एवं भ्रामक जानकारी फैलाकर खुद की पीठ थपथपकाने का प्रयास किया है और नशा मुक्ति के कानूनों की सरेआम धज्जियां उड़ाई हैं। संजीव भोजराज ने बताया कि गत 15 सितंबर को उन्हें जानकारी मिली कि हिसार के न्यू ऋषि नगर में एक व्यक्ति घर में एक साल से बेलों से बांधकर रखा गया है। जब वहां जाकर देखा तो पता चला कि उक्त व्यक्ति की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वह घरवालों से मारपीट करता है, जिस वजह से उसको बांधकर रखा गया है। हमारी टीम ने उस व्यक्ति को अंकुश फाउंडेशन में इलाज के लिए भर्ती करवाया, जिसके बाद उसकी स्थिति ठीक होनी शुरू हो गई। मीडिया में खबरें आने के बाद एडीजीपी द्वारा भेजी गई पुलिस की टीम जिसमें एएसआई को परिजनों ने उक्त व्यक्ति को उनके साथ भेजने से साफ मना कर दिया था। अब जबकि उक्त व्यक्ति नशा मुक्ति केन्द्र में स्वस्थ हो रहा है तो पुलिस प्रशासन द्वारा वहां पहुंचकर लड़के की फोटो खींचकर झूठी वाहवाही लेने के लिए मीडिया में खबर प्रकाशित करवा दी जबकि मानवाधिकार आयोग के नियमों के अनुसार किसी भी नशा मुक्ति केन्द्र में इलाज करवा रहे व्यक्ति की जानकारी सार्वजनिक करना दंडनीय अपराध है। संजीव भोजराज ने मुख्यमंत्री से मांग की कि क्योंकि इस अभियान को एडीजीपी चला रहे हैं और उनकी टीम द्वारा ही ऐसी हरकत की गई है इसलिए मदद संस्था मांग करती है एडीजीपी के खिलाफ इसे लेकर कार्यवाही की जाए जो सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'नशा मुक्ति अभियान' का मजाक कर बना रहे हैं और झूठी वाहवाही लूटने के लिए गलत खबरें समाचारों में प्रकाशित करवा रहे हैं। संजीव भोजराज ने इसकी एक प्रति गृहमंत्री अमित शाह, मानवाधिकार आयोग व एडीजीपी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो हरियाणा को एक प्रति भेजी है।

# सत्यार्थ प्रकाश परीक्षा पुरस्कार वितरण समारोह में कन्या गुरुकुल घिराय की छात्राओं ने मारी बाजी, पाया प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** आर्योदय गुरुकुल सोनीपत द्वारा सोनीपत के सैक्टर-14 स्थित आर्य समाज में सत्यार्थ प्रकाश परीक्षा 2023 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कन्या गुरुकुल घिराय की प्रधानाचार्या सुनीता आर्या को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। आर्योदय गुरुकुल सोनीपत द्वारा यह पुरस्कार वितरण एवं आचार्य ज्ञानेश्वरार्य स्मृति दिवस समारोह मनाया गया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा भर के 32 गुरुकुल के 112 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी इसमें केंद्र स्तर पर कन्या गुरुकुल घिराय की छात्रों ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय हासिल किया जिसमें निशा पुत्री सुरेंद्र सिंह ने प्रथम, सोनम पुत्री रमेश कुमार ने द्वितीय व हंसिका पुत्री विजय कुमार ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं खुशी पुत्री प्रवीण कुमार, खुशी, विधि पुत्री संदीप, पूजा पुत्री सोनी व अंतिम पुत्री वेद प्रकाश ने उत्कृष्ट स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली गुरुकुल की छात्राओं को क्रमशः 1500, 1100 व 750 रुपये की राशि पुरस्कार स्वरूप दी गई। 112 में से 12 बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन के रूप में चयन किया गया जिसमें भी दीक्षा पुत्री बलबीर घिराय शामिल रही। प्रतियोगिता में जज के रूप में आचार्य विजय पाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पदम श्री आचार्य सुकामा थी जबकि विशिष्ट अतिथि प्राचार्या सुनीता आर्या थी। कार्यक्रम में सुनीता आर्या ने कहा कि गुरुकुल आज भी शिक्षा व संस्कार का स्त्रोत हैं और समाज को एक नई दिशा प्रदान करने में अपना योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में धर्मवीर मुमुक्षु, आचार्य सत्यवान आर्य, आचार्य संदीप आर्य, आचार्य नंद किशोर व आचार्य चंद्रेश आर्य आदि की मौजूदगी रही।

# गांव डाबड़ा में श्याम बाबा का विशाल जागरण कल, अनिता कुंडू होंगी मुख्यातिथि

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** गांव डाबड़ा, हिसार मैन पार्क में 18 नवम्बर को श्याम बाबा का एक विशाल जागरण आयोजित होने जा रहा है, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी विश्व प्रसिद्ध पर्वतारोही अनीता कुंडू, जो कि वर्तमान में ओएसडी (Motivation) हरियाणा सरकार के पद को भी सुशोभित कर रही है। एक साहसिक खेल की अनोखी खिलाड़ी व अफसर होने के साथ साथ अनिता कुंडू ने अनेकों सामाजिक कार्यक्रम भी किए है, क्योंकि उनके उद्देश्य उन्ही की तरह बहुत स्पष्ट है, जैसे कि नशा मुक्त समाज, युवा जागरूकता एवम् प्रोत्साहन, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, खेल एवम् आउटडोर गेम्स प्रोत्साहन इत्यादि। इसलिए समस्त ग्रामवासियों व टीम अनीता कुंडू के सहयोग से इस जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, आप सभी इसमें पहुंचे और अपने आस पास से भी सबको साथ लेकर आएँ, आपका सहयोग इसमें विशेष भूमिका अदा करेगा क्योंकि अन्ततः किसी भी सामाजिक समस्या से पीड़ित व्यक्ति या परिवार एक समुदाय के बीच ही रहते है। परिवार, पड़ोसी या समुदाय को ऐसे विषयों के बारे में जानने की, समझने की बहुत आवश्यकता है। आप सभी से विनम्र निवेदन है कल शाम आठ बजे मैन पार्क, गांव डाबड़ा, हिसार में सभी ग्रामवासी और आस पास के सभी लोग पहुंचे और कार्यक्रम का आनंद लें।

# राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए जिला जूडो टीम का चयन 19 व 20 को महावीर स्टेडियम में

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के लिए जिला हिसार की जूडो टीम का चयन 19 व 20 नवम्बर को स्थानीय महावीर स्टेडियम में किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी जगबीर सिंह ने बताया कि यह ट्रायल लड़के व लड़कियों दोनों वर्गों में करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि लड़कियों के वर्ग में ट्रायल 48 किलोग्राम, 52 किलोग्राम, 57 किलोग्राम, 63 किलोग्राम, 70 किलोग्राम, 78 किलोग्राम व +78 किलोग्राम में करवाए जाएंगे। लड़कों के लिए ट्रायल 60 किलोग्राम, 66 किलोग्राम, 73 किलोग्राम, 81 किलोग्राम, 90 किलोग्राम, 100 किलोग्राम और +100 किलोग्राम भारवर्ग में लिए जाएंगे। हरियाणा सरकार ने पुरुष व महिला वर्ग में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन ओपन कैटेगरी 23 खेलों में करवाने का निर्णय लिया है। यह जानकारी खेल विभाग हरियाणा के निदेशक ने दी। उन्होंने बताया कि इन खेलों का आयोजन 28 से 30 नवम्बर तक जिला पंचकूला, अम्बाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र में करवाया जाएगा जबकि जिला करनाल, रोहतक, फरीदाबाद और गुरुग्राम में 4 से 6 दिसम्बर तक करवाना प्रस्तावित है।

# मांगों को लेकर भाकपा और माकपा की सांझी कन्वेंशन कल क्रांतिमान पार्क में

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 नवम्बर :** धर्मनिरपेक्ष गणतांत्रिक गणराज्य की रक्षा में, सांप्रदायिक और कॉरपोरेट नीतियों के खिलाफ और नीतियों के जनपक्षीय बदलाव की मांग को लेकर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की सांझी कन्वेंशन कल सुबह क्रांतिमान पार्क हिसार में होगी। यह जानकारी देते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव दिनेश सिवाच ने आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी। दिनेश सिवाच ने कहा कि केंद्र और राज्य की बीजेपी सरकार लगातार जन विरोधी नीतियां लागू कर रही हैं। एक तरफतो बड़े पूंजीपतियों के लाखों करोड़ रूपए के कर्ज माफ किए जा रहे हैं वहीं गरीबों पर बोझ बढ़ाया जा रहा है। किसान, मजदूर, महिला, युवा, छात्र हर वर्ग परेशान है। किसानों को ना तो उनकी फसल को एमएसपी पर खरीदा जा रहा है और ना ही अभी गेहूं की बिजाई के लिए डीएपी मिल रहा है। आशा, सफाई कर्मचारी, दूसरे मजदूर अपनी मांगों को लेकर आंदोलन में हैं। मनरेगा कर्मियों को ना तो काम मिल रहा है और ना अपने किए हुए काम के पैसे मिल रहे। और दूसरी तरफजनता की एकता तोड़ने के लिए धर्म और जाति के नाम पर तोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त तमाम मुद्दों को लेकर सितम्बर में जींद में दोनों पार्टियों की राज्य स्तरीय संयुक्त कन्वेंशन हुई थी। उसी कड़ी में 18 नवंबर को क्रांतिमान पार्क हिसार में जिला स्तरीय कन्वेंशन होगी। कन्वेंशन को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव सुरेंद्र मलिक और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप संबोधित करेंगे।













प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33–एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33–एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप–सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964–72584
श्याम नागपाल : 92552–73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960–38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in

कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)

किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।

